# प्रशासन के लोग आप अंग्रजों से ज्यादा क्रूर नहीं हो सकते!

अखंड भारत संदेश

## अगर समझौता नहीं होगा तो काम नहीं लगेगा







**जसरा।** प्रशासन के लोगों जान लीजिए। आप अंग्रजों से ज्यादा क्रूर नहीं हो सकते हो और न ही उनकी तरह गोलियां ही चला सकते हो। अगर गोलियां चला सकते हो तो ये किसानों की फौलादी सीने गोलियां खाने के लिए तैयार हैं। उक्त बातें भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने पचखरा गांव के आन्दोलित किसानों की महापंचायत में कही। श्री अनुज सिंह ने कहा कि बाईपास निर्माण का कार्य प्रशासन और किसानों के बीच समझौते के बाद ही लग सकता है। अगर समझौता नहीं होगा तो काम नहीं लगेगा। यह प्रशासन को भ्रम है कि वह डरा धमकाकर सड़क बनवाकर चमचमाती कार सड़क पर दौड़ाएंगे। क्यों कि यह जमीन हमारी मां है मां। मां के साथ जो जोर जबरदस्ती करता है उसके लिए जो यहां पर नौजवान खड़े हैं वो आपको अपने आप बता देंगे। ये जो हमारी जमीनें थीं, पूर्वजों ने इसे शिर का पगड़ी क्यों कहा,हमारी इज्जत, हमारी मयार्दा क्यों कहा, क्यों कि हमारे बाप दादा हल चला रहे हैं और खेती कर रहे हैं और हमारी पीढ़ियां पलती हुई चली आयीं। जिस जमीन की कीमत 2015 में अस्सी लाख थी वह आज घटकर 32 लाख का बीघा हो गया। वहीं प्रधानमंत्री जी ने क्या कहा कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी। जब कि किसान विकास का विरोधी नहीं है लेकिन अगर किसान का विनाश करोगे तो किसान उसे बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं मजदूर किसान कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष के के मिश्रा ने कहा कि आज धरना का छठा दिन है। फर्जी मुकदमा लिखवाकर प्रशासन किसानों को ड्रा नहीं सकता। हम अहिंसा को अपनाते हुए तब तक आन्दोलित रहेंगे,जब तक जमीन का उचित मुआवजा नहीं मिलेगा। महापंचायत में उपस्थित किसान नेता पइन्टू चौबे, राजेश पांडेय, बब्बन सिंह, पंकज मिश्रा, अरुण शुक्ला,लल्लन यादव, बनारसी लाल त्रिपाठी,अनिल बिन्द, रामपाल, राधिका प्रसाद, गुरु चरन, विजय बहादुर रजक, महेन्द्र सिंह,दीपक यादव, बलराम यादव, संदीप यादव,रवी रजक सहित दर्जनों किसान नेता मौजूद रहे। महापंचायत के बाद नायब तहसीलदार बारा राकेश यादव किसानों से अपील किया कि मौसम खराब है। आपके लिए शासन प्रशासन विचार विमर्श कर रहा है जल्द ही बातें होने की संभावना है।

## पाक्सो एक्ट के दोषी को दस वर्ष की कारावास व दस हजार रुपये जुर्माना लगाया

**हंडिया।** अपर सत्र न्यायाधीश , विशेष सत्र न्यायाधीश अंजनी कुमार ने पाक्सो एक्ट के दोषी को दस वर्ष का कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया। हंडिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गाव निवासी व्यक्ति ने हंडिया थाने मे तहरीर देकर नाबालिक पुत्री के साथ एक ब्यक्ति पर पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कराया था। मामले की सुनवाई करने के बाद न्यायाधीश अंजनी कुमार ने इमरोज उर्फ काले पुत्र स्व अज्जू निवासी कजियाना थाना मछली शहर जनपद जौनपुर को पास्को एक्ट का दोषी करार देते हुए दस वर्ष की सजा सुनाई व दस हजार का अर्थदड लगाया। पैरवी करने वाली टीम रही। ए० डी० जी० सी० मनोज पांडेय, हंडिया थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार दुबे, प्रदीप पैरोकार , रूबी सिंह रहे है।

## न्यूज झरोखा

### घर घर दिया जलाएं और मनाएं राम का राज्याभिषेक



**सहसों।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या से पूजित अक्षत तथा श्री राम मंदिर चित्र और पत्रक को बुधवार को स्वयंसेवकों एवं राम भक्तो ने कलश यात्रा निकालकर सहसों में घर-घर जाकर पूजित अक्षत भगवान का श्री राम मंदिर का चित्र भेंट कर जनमानस से 22 जनवरी 2024 को अपने अपने घर व मंदिर में भजन कीर्तन पूजा पाठ कर शाम को दीपावली की तर्ज पर अपने घर आंगन में दीपक जलाएं और श्री राम मंदिर बनने की खुशी में पूजन करने का आवाहन किया। पूजित अक्षत भगवान श्री राम का चित्र पाकर लोग माथे से लगाकर अपने आप को बड़ा भाग्यशाली समझ रहे हैं अपने घरों के मंदिरों में अक्षत को छिड़क रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह संघचालक इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, नमामि गंगे जिला संयोजक राजधर द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज, चंद्रप्रकाश केसरवानी, खंड कार्यवाह शैलेंद्र सिंह, शिव बाबू केसरवानी, डॉक्टर प्रमोद गुप्ता, श्याम बाबू मोदनवाल, सक्षम मोदनमल, लालचंद साहू, रितेश केसरवानी, ओम सिंह सहित काफी संख्या में स्वयंसेवक व स्थान या लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार उमरीमय टटिहरा में सत्यम हिंदू की अगुवाई में भाजपा कार्यकताओं ने घर-घर जाकर प्रभु श्री राम के आने की खुशी में दीप जलाकर उत्सव मनाने तथा प्रभु श्री राम के लिए प्रार्थना एवं पूजा अर्चना के लिए राम भक्तों को प्रेरित किया। सभी कार्यकताओं ने पूजित अक्षत श्री राम मंदिर का चित्र देते हुए घर-घर दीपोत्सव एवं प्रभु श्री राम की पूजा करने के लिए निवेदन किया। इस अवसर पर राजकुमार जायसवाल, राम अचल बिंद ,विमल मिश्र ,आदित्य सिंह ,शंकर लाल ,रितिक जायसवाल आदि रहे।

### अयोध्या धाम से प्राप्त अक्षत एवं आमंत्रण पत्र को ग्राम वासियों के मध्य उनके घर पर जाकर वितरित किया गया



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा ग्राम पंचायत चिलबिला में अयोध्या धाम में 22 जनवरी के अवसर पर श्रीराम लला के बाल स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या धाम से प्राप्त अक्षत एवं आमंत्रण पत्र को ग्राम वासियों के मध्य उनके घर पर जाकर अपार जन समुह के साथ वितरित किया गया जिसमें ग्राम वासियों का अपार स्नेह और समर्थन प्राप्त हुआ। उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व सुधाकर शुक्ला (पूर्व मण्डल अध्यक्ष) के द्वारा किया गया। पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुधाकर शुक्ला ने कहा कि 22 जनवरी राम लला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखने तथा शाम को हर घर मे दिप जलाकर दीपउत्सव की अपील की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से सन्तोष कुमार शुक्ला, आशीष सिंह संयोजक, कमलेश मिश्र, सलीलेश मिश्र, रंजीत सिंह पटेल, गोपीकांत शुक्ल, देवेंद्र नाथ शुक्ल, शिव शंकर पांडे, अखिलेश केशरी,मोहम्मद निहाल, आशीष केसरी, छोटू भारतीय ,सूरज भारतीय, सितम सिंह,सुनील भारतीय, रोशन भारतीय ,राजेंद्र भारतीय ,सुमित भारतीय ,रमेश विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा राज मान विश्वकर्मा, विमलेश गुप्ता, विमलेश गुप्ता ,भोला गुप्ता, गुड्डू विश्वकर्मा ,गुड्डू विश्वकर्मा गुलाब शर्मा ,गुंडा शर्मा, बुद्धू शर्मा ,दीपचंद केसरी,उमाकांत तिवारी, पंकज शुक्ला ,मनोज शुक्ला ,अनिल शुक्ला,अमृतलाल विश्वकर्मा, शिव शंकर विश्वकर्मा व अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कॉटन मिल के पास सीवर जाम होने से लोग परेशान



**नैनी।** नैनी चक रघुनाथ कॉटन मिल के पास गली में सीवर जाम होने के कारण क्षेत्र वासी काफी परेशान है भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा महानगर प्रयागराज के उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बताया चक्र रघुनाथ कॉटन मिल तिराहे पर स्थित नयन कुमार कुशवाहा के बगल वाली गली में एक हफ्ते से सीवर जाम होने के कारण लोगों के घरों में सीवर का पानी घुसने के कारण अनेक बीमारियां फैलने का आशंका बनी हुई है नागरिक परेशान एक हफ्ते से लगातार सीवर जाम होने के कारण मोहल्ले के हरिशंकर वाजपेई के घर के अंदर तक सीवर का पानी लगा होने के कारण निकालने में मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है यह एक हफ्ते से सीवर लाइन जाम है नगर निगम कर्मचारी नींद में सो रहे हैं अगर तत्काल इसको सीवर साफ नहीं कराया जाता बीमारियां मोहल्ले में फैलने का आशंका बनी हुई है जैसे पीलिया हैजा ऐसी बीमारियां फैलाने का आशंका बनी हुई है संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा ने तत्काल नगर निगम प्रशासन एवं जल संस्थान के अधिकारियों से सीवर लाइन साफ करने की मांग की नयन कुमार कुशवाहा राजू पांडे के बगल में गली में स्थित यह नजारा है तत्काल साफ कराया जाए।

### भव्य शोभा यात्रा निकाली गई




**जसरा।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में होने वाले भगवान श्री राम लला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के लिए ग्राम पंचायत चामू में खंड संघ सह चालक काशी क्षेत्र डा०एस के त्रिपाठी की अगुवाई में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान राम भक्तों द्वारा भगवत भजन गाते हुए घर-घर जाकर भव्य मंदिर द्वारा पूजित अक्षत, निमंत्रण पत्र एवं भगवान श्री राम मंदिर के चित्र को चामू गांव से के प्रत्येक घरों में जाकर बांटा गया। इस अवसर पर मंडल प्रमुख राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा जन संपर्क शंकर देव त्रिपाठी,भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, राजाबाबू पाठक, ज्वाला प्रसाद चौबे, विधायक प्रतिनिधि आलोक पाठक,राम मूर्ति द्विवेदी, गिरीश द्विवेदी,पारस नाथ पाण्डेय,माधो प्रसाद,विनय द्विवेदी, दिनेश कुमार सिंह, चुन्नू चौबे,सत्यम चतुवेर्दी,सूरज दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### जय श्रीराम से गुंजायमान हुआ लोढ़ीडीह, उग्रसेनपुर



**प्रतापपुर।** उग्रसेनपुर न्याय पंचायत के लोढ़ीडीह ग्राम सभा मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल एवं भाजपा के पदाधिकारियों ने बुधवार को गाजे बाजे डीजे के साथ जय श्रीराम की गर्जना करते हुए घर घर जाकर अयोध्या पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र एवं निमंत्रण पत्रक वितरण करते हुए निमंत्रण के विषय में जानकारी दिया। सभी सदस्य जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए नाचते हुए डीजे के साथ चल रहे थे। 22 जनवरी को नव निर्मित भव्य श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व में 1 जनवरी से 15 जनवरी तक अयोध्या पूजित अक्षत, निमंत्रण पत्रक एवं श्रीराम मंदिर चित्र का घर घर वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक महावीर मिश्रा, योगेंद्र मिश्रा, प्रभात सोनी एवं मुख्य रूप से उपस्थित आशुतोष त्रिपाठी भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतापपुर, सुयश त्रिपाठी, विकास यादव, उत्कर्ष मिश्रा, कल्लू दुबे सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## विश्राम दिवस पर भगवान राम के राज तिलक से कथा का हुआ समापन

**सहसों।** नौ दिन सुनिए राम कथा श्री रामचरितमानस सम्मेलन समिति सहसों के तत्वावधान में राम जानकी मंदिर के बागल चल रही संगीतमय राम कथा के समापन दिवस पर कथा व्यास महामंडलेश्वर मैहर मां शारदा धाम साध्वी माता अन्नपूर्णा जी ने उपस्थित कथा रसिक अनुरागियों को सुंदर प्रसंग में वनवास के दौरान मयार्दा पुरुषोत्तम द्वारा कोल भीलों को दर्शन, गोस्वामी तुलसीदास को भक्ति, मामा मारीच का उद्धार, सीता हरण, गिद्धराज भक्त जटायू का उद्धार, नवधा भक्ति के साथ सेबरी का उद्धार, भगवान राम व सुग्रीव का मिलन, हनुमान द्वारा लंका दहन, रावण को कुल सहित राक्षसों का सर्वनाश एवं भाई भरत तथा भक्त हनुमान को अनन्य भक्ति के साथ भगवान राम का राजतिलक का सुंदर प्रसंग श्रवण कराते कथा का समापन किया। जिससे उपस्थित श्रद्धालु श्रोता भक्तों ने कथा सुनकर भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास ने विश्राम दिवस पर सभी श्रोताओं से जाते-जाते संदेश देते हुए कहा कि यह भगवान राम की धरती है हम सब राम के वंशज हैं हमें जो कुछ कहना है हम भगवान राम से कहेंगे, भगवान शंकर से कहेंगे, हनुमान जी से कहेंगे, मां दुर्गा जी से अरदास करेंगे वही हमारे दुखों को दूर करेंगें कहीं अन्य स्थानों पर भड़काने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा आने वाले 22 जनवरी को हमारे आराध्य भगवान राम का राज्याभिषेक होगा और आप लोग अपने अपने घरों में 108 दियों को जलाकर अपने घर को ही अयोध्या मान कर खुशियां मनाते हुए दीपावली जैसा पर्व मनाएं। कथा व्यास ने सभी को व्यास पीठ से अपना आशीर्वाद प्रदान किया। कथा विश्राम पर समिति के अध्यक्ष एवं जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी सहित आदि श्रोताओं ने व्यासपीठ, भगवान राम एवं मानस भगवान की आरती उतारी। कथा श्रवण करने वालों में प्रमुख रूप से जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी, सूर्यकांत त्रिपाठी, कथा व्यवस्था में लगे सत्यम केसरवानी, रामबाबू केसरवानी, जय किशन सोनी, राम प्रसाद केसरवानी, छोटे लाल प्रजापति, शिव बाबू केसरवानी, मनोज तिवारी, चिंतामणि शुक्ला, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, तेज प्रताप सिंह, फूलचंद साहू एवं बिहारी लाल केसरवानी सहित भारी संख्या में श्रोता भक्त कथा श्रवण करते उपस्थित रहे। आचार्य विद्वानों द्वारा कथा के समापन पर विधि विधान से वैदिक मंत्र कर करते हुए विशाल यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। जिसमे भक्तों ने बड़ी ही श्रद्धा से आहुतियां डाले।

## एलएनटी ठिकेदार ने मजदूरों का नहीं दिया पारश्रमिक, पुलिस से शिकायत

**करछना** प्रयागराज जिले के यमुनापार क्षेत्र में एल एन टी कंपनी के ठेकेदार द्वारा क्षेत्र के बड़ी संख्या में मजदूरों से महीनों काम कराने के बाद उनका पारिश्रमिक नहीं दिया नाराज श्रमिकों ने ठेकेदार के खिलाफ औद्योगिक थाना क्षेत्र में लिखित शिकायत कर ठेकेदार के ऊपर कारवाई की मांग की है बुधवार को डेज मेडिकल चौराहे पर एलएनटी कंपनी के ठिकेदार मनोज कुमार पांडे वह उनके भाई अरुण कुमार पांडे द्वारा मजदूरों से 30 दिन काम करने के बाद नहीं दे रहे हैं वेतन मजदूरों ने नाराज होकर थाना औद्योगिक क्षेत्र जाकर कार्रवाई करने की मांग कि मजदूरों की आरोप है कि हम लोगो से 8 घंटा काम करते थे सैलरी महीने पर देते थे एक महीना पूरा हो जाने के बाद हम लोगों को किसी कारण काम पर से निकाल दिया गया था ठिकेदार मनोज कुमार पांडे का भाई अरुण पांडे ने कहा कि आप लोगों का वेतन बहुत जल्द दे दूंगा ऐसे करके 15 दिनों से न देने का नाटक कर रहा है जब कुछ मजदूरों ने फोन करके पूछा तो अरुण कुमार पांडे ठेकेदार ने कहा कि अब आप लोग ऑफिस में गए हैं तो ऑफिस से ही ले लो मैं नहीं दूंगा। इस मौके पर, महेश यादव, अर्जुन सिंह, जिवेन्द्र कुमार, अरुण कुमार, हरिओम शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# संस्कृत कार्यक्रम में कलाकारों की प्रतिभा को दबाने की कोशिश : त्रिभुवन नाथ




माननीय राज्यपाल महोदय के पास जाकर ज्ञापन देंगे और यह मांग भी करेंगे कि रामबाबू यादव जैसे बड़े कलाकारों को पक्षपात न करते हुए बल्कि सभी कलाकारों को एक समान देखना चाहिए।

**कौंधियारा।** सोमवार को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का परिणाम घोषित हुआ जिसमें स्थानीय बिरहा कलाकारों ने बताया कि यमुनापार के ही पुराने और दबंग कलाकार रामबाबू यादव ने योग्य कलाकारों को नजरअंदाज कर दिया वहीं उन्होंने अपने जानने वाले अपने चहेतों जो कि अयोग्य कलाकार थे उन्हें चयनित करवाकर स्थानीय योग्य कलाकारों की उपेक्षा की है।उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम अधिकारी मधुकांत मिश्र,मन्नालाल यादव और जवाहर लाल यादव जैसे लोग हम कलाकारों से सुविधा शुल्क की मांग किए और न देने पर हमें प्रतियोगिता से वंचित होना पड़ा। कुआँ निवासी त्रिभुवन नाथ ने बताया कि सभी कलाकारों को एक समान समझना चाहिए।हम पूरे वर्ष जगह जगह घूमकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं,जिसका लोग सम्मान भी करते हैं लेकिन इन बड़े कलाकारों द्वारा हमारी प्रतिभा को नजरअंदाज करके अपने चहेतों को बढ़ावा दिया जाता है।इस तरह के दोहरे मापदंड से हम जैसे अनेक कलाकारों का मनोबल टूटता है,और हमारी प्रतिभा दब कर मर जाती है।त्रिभुवन नाथ ने यह भी बताया कि इस मामले को हम माननीय राज्यपाल महोदय के पास जाकर ज्ञापन देंगे और यह मांग भी करेंगे कि रामबाबू यादव जैसे बड़े कलाकारों को पक्षपात न करते हुए बल्कि सभी कलाकारों को एक समान देखना चाहिए।

## अयोध्या धाम पूजित अक्षत कलश यात्रा का धरवारा से शुभारंभ



**करछना** प्रयागराज अयोध्या धाम में श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के तहत अयोध्या धाम से पूजित अक्षत कलश यात्रा करछना के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से धरवारा मंडल में बुधवार को निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ धरवारा गांव स्थित लाल साहब के चबूतरे से हुआ । जिसमें लोगों सहित महिलाओं की ओर से कलश पूजन के साथ भगवान श्री राम की आरती भी उतारी गई। और यात्रा डीजे के धुन पर प्रभु श्री राम की झांकी भव्य रथ पर विराजमान की गई थी। करछना- कोहडार घाट मार्ग पर विशाल जन समूह के साथ श्री राम का उद्घोष करते हुए भगवा ध्वज पताका के साथ निकली यात्रा धरवारा गांव समेत खेक्सा, हनुमानपुर , भडेवरा बाजार से भुंडा मोड़ पर पहुंची। वहीं लोगों की ओर से जगह-जगह यात्रा में फूलों की वर्षा भी की गई। और लोगों में अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत वितरित किया गया। यात्रा में मुख्य रूप से शामिल जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक यमुना पार आलोक, जिला अभियान समिति के संयोजक एवं सेवा भारती प्रयाग के अध्यक्ष सुजीत सिंह ,खंड अभियान समिति के संयोजक एवं प्रधानसंघ करछना के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह दादू, खंड कार्यवाह अरुण , बौद्धिक प्रमुख प्रकाश , शारीरिक प्रमुख अनिरुद्ध , धरवारा मंडल के संयोजक शिशिन सिंह , की ओर से लोगों को बताया गया कि 22 जनवरी को श्री राम प्रतिष्ठोत्सव महोत्सव के अवसर घरों सहित मंदिरों में दीपोत्सव के साथ भजन कीर्तन किए जाने की अपील भी की गई। यात्रा में शामिल लोगों में करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, राम मनोहर लोहिया, प्रदीप पांडेय, प्रभाकांत मिश्र, अतुल मिश्र एडवोकेट, नागेंद्र शुक्ल, अनुराग सिंह, वीरू सिंह , गोरेलाल तिवारी, विनय कुमार सिंह ,आलोक शुक्ल, सुरेश पांडेय, सतीश तिवारी , विकास पांडेय ,सुरेश सिंह, रामबाबू पटेल, कृपाशंकर तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, विवेक मिश्र, अजय द्विवेदी आदि रहे।

# मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को लेकर लिया गया संकल्प

अखंड भारत संदेश

## भारत बीस वर्ष पहले वाला भारत नहीं : डा केपी श्रीवास्तव




**मेजा।** मेजा विधानसभा क्षेत्र के उरूआ विकास खंड अंतर्गत ग्राम सभा सोरांव स्थित प्रसिद्ध महादेव महावीर मंदिर में मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिऐ व आगामी 2024के लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन देने सहित नमो एप को लेकर बुधवार को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य प्रयागराज कौशांबी के डा.केपी श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि का भव्य माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। जहां मुख्य अतिथि द्वारा विकसित भारत व नमो को लेकर चर्चा की गई। उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुऐ एमएलसी श्रीवास्तव ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दोहराया। जहां उपस्थित जनसमुदाय ने अपने अपने दोनों हाथ उठाकर समर्थन देने का संकल्प लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ के पी श्रीवास्तव ने कहा कि भारत अब आज के 20 वर्ष पहले वाला भारत नहीं रह गया हैं। भारत को पहले अपने ही पड़ोसी देश आंख दिखाया करते थे। लेकिन आज उनको भारत के तरफ देखने के बारे में सोचना पड़ता है। पहले अपना भारत दूसरे देशों से शस्त्र खरीदता था। परन्तु आज वहीं भारत शस्त्र खुद भारत में निर्माण कर दूसरे देशों को निर्यात कर रहा है। इस प्रकार केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा कई प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के किसान, महिलाओं, दिव्यांग, और व्यापारियों सहित समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर तबके के लोग कई प्रकार की योजना से लाभान्वित हो रहे है। उन्होंने कहा कि अब की बार भारी बहुमत से पुनः भाजपा सरकार बन रही है।तो भारत अवश्य ही विकासशील देशों की प्रथम पंक्ति में खड़ा दिखाई देगा। इस अवसर पर मेजा के पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रेम शंकर शुक्ला, विदुर शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता हाई कोर्ट, आनंद पांडेय पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता, अजय पांडेय वरिष्ठ समाजसेवी सहित महादेव महावीर मंदिर समिति के मोहन बाबू शुक्ला,जयप्रकाश शुक्ला, श्री प्रकाश शुक्ला, दिनेश शुक्ला,संतोष शुक्ला चंद्र प्रकाश शुक्ला संजय शुक्ला राजू,सोलू रिषू,वरिष्ठ समाजसेवी पं.नित्यानंद उपाध्याय, सिद्धांत तिवारी मेजा रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, प्रधान संघ अध्यक्ष ऊरूवा व ग्राम प्रधान सोरांव राजेश द्विवेदी, गुलाब शुक्ला, केशव प्रसाद शुक्ला, लोलारक शुक्ला,शशिकांत शुक्ला, शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी, सहित भारी संख्या में गणमान्य ग्रामीण नागरिक इस नमो ऐप कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन औंता, भरारी और महेवा रही विजयी

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** मांडा के दशमियहवा मैदान पर चल रहे स्व. अनंत विजय द्विवेदी क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन का पहला मैच धरी क्रिकेट क्लब, लालगंज और महेवा क्रिकेट क्लब माण्डा रोड के बीच खेला गया,जिसमें धरी क्रिकेट टीम ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 73 रन बनाए । जिसका पीछा करते हुए महेवा क्रिकेट क्लब की टीम ने 6 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर विजयी हुई। महेवा क्रिकेट क्लब टीम से अजहरुद्दीन 13 गेंदों पर 31 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा मैच भरारी क्रिकेट क्लब और नवीनाशाह क्रिकेट क्लब टीम के बीच खेला गया।जिसमें 87 रन का लक्ष्य नवीना शाह की टीम ने भरारी क्रिकेट क्लब को दिया, जिसका पीछा करने आयी भरारी की टीम ने 7 ओवरों में ही 87 रन के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया।भरारी की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने वाले कुश ने 14 गेंदों में 28 रन बनाये । जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इसी प्रकार तीसरा मैच जय बजरंग क्रिकेट क्लब खमनिया, औंता मेजा और विक्की इलेवन के बीच खेला गया,जिसमें जय बजरंग क्रिकेट क्लब खमनिया, औंता विजयी रही।इस मैच में खमनिया औंता की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने वाले विनय कुमार को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से कमेटी द्वारा पुरस्कृत किया गया। यह ट्राफी प्रतियोगिता दस दिन तक चलेगी।

## सपा जिला उपाध्यक्ष को मातृ-शोक

### राजनैतिक पार्टी के नेताओं ने घर पहुंचकर ब्यक्त की शोक संवेदना

**फूलपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य दीनानाथ यादव की जन्मदात्री मां धिराजी देवी का बुधवार को 103 वर्ष की उम्र में घर पर ही निधन हो गया। निधन की सूचना पर जनपद के विभिन्न राजनैतिक दल के शीर्ष नेताओं के साथ ही भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने पहुंचकर शोक संवेदना ब्यक्त की। फूलपुर तहसील क्षेत्र के वीरकाजी गांव निवासी दीनानाथ यादव सपा के कर्मठ व जुझारू नेता होने के साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए सदैव संघर्षरत रहते हैं। जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों को उनसे अपार स्नेह रहता है।उनकी माता का देहांत होने की खबर सुनकर सुबह से ही घर पर क्षेत्रीय ग्रामीणों का जमावड़ा होने लगा। ग्रामीणों ने बताया की उनके पिता चौधरी बबई राम यादव का भी देहांत हो चुका है। दो किमी की शवयात्रा के पश्चात शव का अंतिम संस्कार विधि -विधान के साथ झूंसी के छतनाग घाट पर किया गया। शवयात्रा में पूर्व विधायक मुज्तबा सिद्दिकी,सपा जिला सचिव वकार, अहमद अशफाक अहमद, राकेश कुमार, यशवंत यादव, रामचंद्र तुफानी, के साथ ही जिला पंचायत सदस्य, विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधान व भारी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

## अंतर महाविद्यालयीय क्रास कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन 13 जनवरी को

**जंघई।** क्रीड़ा परिषद वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के निर्णयानुसार सत्र 2023-24 की अंतर महाविद्यालयीय क्रास कंट्री महिला, पुरुष प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व नागरिक पीजी कॉलेज जंघई को दिया गया है। 13 जनवरी को नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में आयोजित प्रतियोगिता में प्रातः 7 बजे तक क्रास कंट्री टीम महिला पुरुष अवश्य महाविद्यालय प्रांगण पहुंच जाएं। प्रतियोगिता में प्रविष्टि की अंतिम तिथि 12 जनवरी सांय 5 बजे तक निर्धारित है। यह समस्त जानकारी नागरिक पीजी कॉलेज जंघई के क्रीड़ा अधीक्षक एवं प्रतियोगिता आयोजन सचिव बृजेश कुमार यादव ने दिया है।

## चोरी के गैस सिलेंडर के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के मु0अ0सं0-10/2024 धारा 380 भा0द0वि0 से सम्बंधित प्रकाश में आए अभियुक्त मिथुन पुत्र शिव नरायन पटेल निवासी बिहका उर्फ पूरामुफ्ती थाना पूरामुफ्ती को 10 जनवरी को ग्राम टिकरी मोड़ थाना क्षेत्र पूरामुफ्ती से गिरफ्तार किया है व कब्जे से चोरी का 01 खाली गैस सिलेण्डर भारत गैस व 1380/- रुपए नकद बरामद किया है बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 411 भा0द0वि0 की बढ़ोत्तरी की गयी।

## घर के सामने खडी बाइक चोरी अज्ञात में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** घर के सामने खडी बाइक को अज्ञात चोरों ने उडा दिए। भुक्तभोगी ने थाना में तहरीर दे कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम भानेमऊ निवासी अबरार अहमद एडवोकेट पुत्र शकील अहमद अपनी बाइक घर के सामने खडी कर घर में चले गए जब वापस लौटे तो बाइक नदारद थी। अबरार अहमद ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# उपमुख्यमंत्री ने स्वच्छ महाकुम्भ, स्वच्छ प्रयागराज एवं प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलन कर किया शुभारम्भ

**स्वच्छता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता ग्रहियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र भेंट कर किया सम्मानित**



**अखंड भारत संदेश**

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने बुधवार को मेडिकल कालेज के मेहता प्रेक्षागृह में आयोजित स्वच्छ महाकुम्भ, स्वच्छ प्रयागराज की परिकल्पना एवं प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए एवं स्वच्छता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता ग्रहियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किए तथा कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को स्वच्छता की शपथ दिलायी। उपमुख्यमंत्री जी ने अन्य जनप्रतिनिधिगणों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग ने शहर में चलाये जा रहे स्वच्छता सम्बंधी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में वीडियो क्लिप के माध्यम से महाकुम्भ मेला-2025 से सम्बंधित की जा रही तैयारियों को भी प्रदर्शित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का जो संकल्प लेकर आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, इसके लिए मैं ह्रदय से आप सभी को बधाई और शुभकामना देता हूं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज मेला प्राधिकरण व नगर निगम के संयुक्त प्रयास से प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का यह जो संकल्प लिया गया है यह एक साहसिक निर्णय है और मैं इस निर्णय की सराहना करता हूं। उन्होंने समस्त प्रयागराज वासियों से अपील करते हुए कहा कि यह कार्य केवल नगर निगम, मेला प्राधिकरण, सफाई कर्मियों के द्वारा ही सम्भव नहीं है, इसे दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ हम सभी लोगो को प्रयागराज को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में आगे ले जाने की शपथ लेना है और उसे करके दिखाना है तथा प्रयागराज को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज जो ठान लेता है, उसे करके दिखाता है। कहा कि प्रयागराज को देश का प्लास्टिक मुक्त शहर और जिला बनाने की दिशा में कदम उठाया गया है, भविष्य में प्रयागराज इसका नेतृत्वकर्ता बन जायेगा। उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि 2019 का कुम्भ ऐतिहासिक, सफल, भव्य, दिव्य एवं सुरक्षित, स्वच्छ तथा सुगम था। कुम्भ मेले में 24 करोड़ से अधिक लोग आयें थे, किंतु शासन व प्रशासन की चुस्त-दूरूस्त व्यवस्था से किसी भी श्रद्धालु को खंरोच तक नहीं आयी। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेले में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को तीर्थ यात्रियों के साथ सद्व्यवहार हेतु विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया था और उन्होंने यह करके भी दिखाया था। प्रधानमंत्री जी कुम्भ में प्रयागराज की स्वच्छता से प्रभावित होकर यहां के सफाई कर्मियों के पॉव पखारे व उनको सम्मानित किए थे। प्रधानमंत्री जी ने स्वयं हाथ में झाडु उठाकर देशवासियों को यह संदेश दिया था कि अगर हम स्वच्छ रहेंगे, तो स्वस्थ रहेंगे। स्वच्छता से कई बीमारियों को दूर रखा जा सकता है। मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के द्वारा 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता का अभियान चलाये जाने के साथ-साथ मंदिरों और तीर्थस्थलों पर स्वच्छता का विशेष अभियान चलाये जाने के लिए कहा है। मेरा यह अनुमान है कि 2025 के महाकुम्भ मेले में लगभग 48 करोड़ लोगो के यहां आने की सम्भावना है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुम्भ में पूरी दुनिया भर से लोग यहां आयेंगे और प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ का संदेश लेकर अपने देश वापस जायेंगे। उसी भूमिका को निभाने के लिए आज यह अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग स्वयं जागरूक होकर स्वच्छता को अपनायें व शहर को स्वच्छ बनायें। इस अवसर पर सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ महाकुम्भ, स्वच्छ प्रयागराज की परिकल्पना एवं प्रयागराज को प्लास्टिक मुक्त का कार्य केवल सफाई कर्मियों व सरकारी विभागों के ही प्रयास से सम्भव नहीं है, इसके लिए प्रयागवासियों को अपनी जिम्मेदारी व हिस्सेदारी निभानी होगी। इस अवसर पर विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधायक फाफामऊ श्री गुरू प्रसाद मौर्या, विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, विधान परिषद सदस्य श्रीमती निर्मला पासवान, महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा सहित जनप्रतिनिधिगणों के अलावा कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द, प्रभारी माघ मेला दयानन्द प्रसाद, प्राचार्य डॉ0 एस0पी0 सिंह सहित अन्य अधिकारीगणों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## माघ मेला की तैयारीयों की अधिकारियों ने की समीक्षा



**प्रयागराज।** माघ मेला की तैयारी की समीक्षा के दृष्टिगत मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद, माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद तथा अन्य संबंधित अधिकारियों समेत मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने संगम नोज पर कराए गए कार्यों का निरीक्षण करते हुए सेक्टर 3 में रामानुज मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई रोड की गुणवत्ता की भी जांच की। चेकर्ड प्लेट रोड के एक भाग को खुदवा कर उसके नीचे बिछाई गई बालू मानक के अनुरूप है या नहीं उसकी भी जांच की। सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शेष कार्य अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मेला क्षेत्र एवं शौचायलयों की सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## छात्र रोहित शुक्ला हत्याकांड में आदर्श, नवनीत और अभिषेक को आजीवन कारावास

**सबूतों के अभाव में 4 आरोपी बरी**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सर पीसी बनर्जी छात्रावास में 2019 में हुई छात्र रोहित शुक्ला हत्याकांड में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि चार आरोपियों को बरी कर दिया गया है। कोर्ट ने तीनों आरोपियों पर कोर्ट ने तीनों पर अर्थदंड भी लगाया है।

**सबूतों के अभाव में चार आरोपी बरी किए गए**

जिला अदालत ने आदर्श त्रिपाठी, नवनीत यादव उर्फ अभिषेक यादव व सौरभ विश्वकर्मा को दोषी पाते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आदर्श पर 15 हजार, जबकि नवनीत यादव व सौरव विश्वकर्मा पर 10- 10 हजार का जुमार्ना भी लगाया है।सबूतों के अभाव में चार आरोपियों को बरी कर दिया। यह आदेश सत्र न्यायाधीश भरत सिंह



यादव ने सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता टीएन दीक्षित और बचाव पक्ष के अधिवक्ता को सुनने के बाद या फैसला सुनाया है।

15 अप्रैल 2019 को हुई थी रोहित की गोली मारकर हत्या अभियोजन के मुताबिक आदर्श त्रिपाठी ने 15 अप्रैल 2019 को रोहित शुक्ला को पीसीबी हॉस्टल बुलाया था। इस दौरान गैंगवार में बारा के लोहगरा निवासी रोहित को गोली मार दी गई थी।

मामले में आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 302 में आदर्श त्रिपाठी, हिमांशु सिंह, हरिओम त्रिपाठी, नवनीत यादव उर्फ अभिषेक यादव, प्रशांत उपाध्याय व सौरभ विश्वकर्मा के खिलाफ कर्नलगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।अभियोजन पक्ष की ओर से 9 और बचाव पक्ष की ओर से 14 गवाह पेश किए गए। अदालत ने सुनवाई के बाद हरिओम त्रिपाठी, हिमांशु सिंह, प्रशांत उपाध्याय और जसविंदर सिंह को सुबूतों के अभाव में बरी कर दिया। जबकि, बाकी तीनों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## नवागत पशु चिकित्सा अधिकारी सोरांव ने गो वंशों का परखा स्वास्थ्य, दी दवाइयां



**सोरांव।** उत्तर प्रदेश सरकार गोवंशों के देख भाल के लिए भारी भरकम धनराशि खर्च कर रही है और किसानों के फसलों को नुकसान न पहुंचे इसके लिए सभी विकास खंडों संग नगर पंचायत और नगर निगमों में गौशाला का निर्माण भी करवाई है। गोवंशों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो साथ में किसान भी परेशान न हो ठंड और शीत लहरी को देखते हुए नवागत चिकित्सा अधिकारी रेवती प्रसाद ने क्षेत्र में स्थित सोराव अस्थाई गो आश्रय स्थल पर अपनी टीम के साथ पहुंचे। और वहां पर मौजूद सभी गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ-साथ जरूरत के अनुसार दवाइयां भी दिए। तथा सभी गोवंशों के नाद में हरा चारा और चूनी चोकर संग गुड़ भी खिलाएं तथा गौ माता का आशीर्वाद लिए। इतना ही नहीं जितने भी नए गो वंश गोशाला में आए थे सभी का टैग लगा कर नंबरिंग भी किए। इस मौके पर नवागत पशु चिकित्सा अधिकारी रेवती प्रसाद, फार्मासिस्ट डॉक्टर अमृत लाल, डॉक्टर सुभाष भारतीय, ग्राम पंचायत अधिकारी कौशल कुमार संग दर्जनों लोग रहे।

## मेहता पेक्षागृह में भाजपा नेता संगम मिश्र ने ली स्वच्छता कि शपथ



**मेजा।** राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के आगामी परिणामों में प्रयागराज जिले को विभिन्न पुरस्कार श्रेणियों में सम्मिलित किया जाएगा। डॉ संगम मिश्रा ने बताया प्रयागराज को राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।नगर विकास विभाग की ओर से यह जानकारी दी गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के परिणाम बृहस्पतिवार 11 जनवरी 2024 को नई दिल्ली में घोषित किए जाएंगे।प्रयागराज को स्वच्छता में उनके अत्यधिक समर्पण के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। डॉ संगम मिश्र ने कहा 'कचरा मुक्त शहर प्रमाण पत्र' प्रयागराज को मिलना हम सबके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा ! हम सब स्वच्छ महाकुंभ और स्वच्छ प्रयागराज की शपथ लेते हैं।हम अपने घर का कचरा न सड़क पर फेंकेंगे,नहीं किसी को फेंकने देंगे।हम अपने घर प्रांगण को स्वच्छ रखेंगे और दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे।हम यह भी शपथ लेते हैं कि वन टाइम यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करेंगे और दूसरों को भी प्रयोग नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे तथा खरीदारी हेतु कपड़े से बनी थैली का ही प्रयोग करेंगे।इस कार्यक्रम में उनके साथ एस. के.तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल एकेडमी, शंकरदेव त्रिपाठी प्रान्त संस्कृत प्रमुख विश्व हिंदू परिषद काशी प्रान्त,यश विक्रम त्रिपाठी,आकाश व ईशान आदि बहुत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सब्जी लेने गए युवक की बाइक चोरी

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत सहसों चौराहे के पास लाला की बाजार में केसरुआ खुर्द गांव निवासी अजीत कुमार यादव पुत्र परशुराम यादव सब्जी लेने के लिए गया था। जहां पर अंडे की दुकान के सामने बाइक खड़ी कर दिया और सब्जी लेने के लिए चला गया। कुछ ही देर बाद सब्जी लेकर वापस बाइक के पास आया देखा कि बाइक गायब मिली। बाइक को न देखकर युवक इधर-उधर काफी देर तक खोज बीन करने लगा। परंतु बाइक नहीं मिली उक्त युवक ने लिखित तहरीर पुलिस चौकी सहसों में जाकर देते हुए उचित कार्यवाही की मांग की।

## न्यूज झरोखा

### दिव्यांग के साथ फ्रॉड हुए दो लाख रुपए झूंसी पुलिस ने लौटवाए




**झूंसी।** दिव्यांग के खाते से शतिरो ने फ्राड कर लाखो रुपये उड़ा दिए थे। जिसे बुधवार को झूंसी पुलिस ने वापस कराया तो पीड़ित परिवार के आखो से खुशी के आँसू छलक पड़े पीड़ित मूकबधिर है शातिर ठग ने पैसे दुगना करने के नाम पर उसके खाते से धीरे धीरे कर के 2 लाख रुपये निकाल लिए थे। आवास विकास कालोनी निवासी पवन कुमार पांडेय शहर के एक मॉल में काम करता है। पवन दिव्यांग है बोल सुन नहीं पाता। 24 सितंबर को एक साइबर ठग गुगा बाहर बन कर पवन कुमार को वीडियो कॉल किया और गेमिंग के माध्यम से पैसे दुगना करने का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया। 20 दिन के भीतर वह पवन कुमार से धीरे-धीरे करके दो लाख पांच हजार रुपये ले लिया। बाद में बताया कि वह सारा पैसा हार गया। पवन ने वीडियो कॉल पर उससे बातचीत का वीडियो भी बना लिया था जब परिजनों को इस बात की जानकारी हुई तो मामले की शिकायत पुलिस से की गई। उप निरीक्षक अजित यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज यादव, महिला कांस्टेबल गीता यादव मामले में तत्परता दिखाते हुए फ्राड हुए पैसे को होल्ड करा दिया। मंगलवार को सारा पैसे पवन के खाते में वापस कराया दिया। पीड़ित की माँ ने पैसे वापस मिलने पर पुलिसकर्मियों को दुआएं दी।

### कुर्की की कार्यवाही के दौरान जमा हुआ गृहकर



**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम, प्रयागराज के निदेर्शानुक्रम में गृहकर वसूली के सम्बन्ध मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी द्वारा निरन्तर समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में जोनल कार्यालय कटरा में जोनल कर अधीक्षकों द्वारा अभियान में सख्ती दिखाते हुए कई बडे. बकायेदारों/भवन स्वामियों के भवन पर कुकी की कार्यवाही की गयी, जोन 03 कटरा में आज दिनांक 10 जनवरी 2024 को 4 भवनों पर कुर्की की कार्यवाही प्रस्तावित थी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी एवं वसूली टीम द्वारा कुर्की की कार्यवाही के दौरान 04 भवन से कार्यवाही के दौरान ही भवन स्वामी द्वारा कुछ का सम्पूर्ण भुगतान तथा कुछ का आंशिक भुगतान करते हुए धनराशि रू0-28.40 लाख चेक के माध्यम से जमा कराया गया। इसी के साथ ही जोनल कार्यालय नैनी, मुटठीगंज एवं कटरा के वार्ड के अन्य भवनों से गृहकर वसूली के दौरान धनराशि रू0-09.67 लाख चेक/कैश जमा कराया गया। इस प्रकार कुर्की वसूली के दौरान गृहकर में प्राप्त कुल धनराशि रू0-38.07 लाख की वसूलयावी की गयी।

कार्यवाही के दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी०के०द्विवेदी के नेतृत्व में कर अधीक्षक श्रीमती मोनिका व श्रीमती जया सिंह राजस्व निरीक्षक एवं कम्लेश पाण्डेय राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे साथ में सिविल लाइन्स थाने आकाश कुमार तथा संदीप यादव पुलिस बल के साथ नगर निगम प्रर्वतन दल की टीम कार्यवाही में शामिल रहे।

### घर घर बाटा गया अयोध्या से आया पूजित अक्षत



झूंसी। अयोध्या से आया पूजित अक्षत व पत्रक घर-घर दिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को भाजपा पदाधिकारी ने नीबी कला व तिवारीपुर में घर-घर जाकर पूजित अक्षत व पत्रक दिया। बाजे गाजे के साथ हाथों में धर्म ध्वजा लिए भाजपा व विहित कार्यकर्ता जय श्री राम का उद्घोष करते हुए। अयोध्या से आया पूजित अक्षत व पत्रक को घर घर जा कर दिया और लोगों से 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन घर और मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ दीपोत्सव मनाने की अपील भी की। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के गंगापार अध्यक्ष लक्ष्मी कान्त उपाध्याय, काशी राम दुबे, राजेंद्र शुक्ल, गोरख नाथ सिंह, नरेंद्र सिंह, अभिषेक दूबे, अरुण पांडेय, आत्माधर दूबे, जीत लाल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरांव उर्फ कठौली कंचनवा विकास खण्ड कौंधियारा, प्रयागराज**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले कार्यो मनरेगा,राज्य वित्त, 15वां वित्त, हैंडपंप मरम्मत व रीबोर नाली खडंजा निर्माण व मरम्मत शौचालय निर्माण सामुदायिक शौचालय निर्माण व मरम्मत साथ ही अन्य निर्माण कार्य/मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। विकास खंड की पंजीकृत फार्म दिनांक 11.01.2024 से 16.01.2024 तक आवेदन कर सकती है। निविदा दिनांक 17.01.2024 को 12.00 बजे दिन को ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से इण्टरलाकिंग तक WBM कार्य 200 मीटर | 3.00 लाख | 1 माह |
| 2. | खुल्ली पक्की सड़क से बूंदी लाल के घर तक WBM कार्य 700 मीटर | 9.00 लाख | 1 माह |
| 3. | गाटा संख्या 700पर खेल मैदान कार्य 35x70 मीटर | 7.00 लाख | 1 माह |
| 4. | पप्पू के घर से महेन्द्र के घर तक पक्की नाली 200 मीटर | 7.00 लाख | 1 माह |
| 5. | पक्की सड़क से बृजलाल के घर तक पक्की नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य 250 मीटर | 10.00 लाख | 1 माह |
| 6. | रामनेवाज का पूरा इंटरलाकिंग से विभव नाथ के घर तक इंटरलाकिंग एवं पक्की नाली 120 मी. | 6.00 लाख | 1 माह |
| 7. | श्यामलाल के घर से प्रयागराज के खेत तक पक्की नाली 60 मीटर | 2.50 लाख | 1 माह |
| 8. | पक्की सड़क से सूर्यमणी के घर तक इंटरलाकिंग कार्य 100 मीटर | 5.00 लाख | 1 माह |

**अनीता देवी**
**(ग्राम प्रधान)**
**ग्रा. पं. पिपरांव उर्फ कठौली कंचनवा**
**वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।**

**सत्यराम यादव**
**(ग्राम विकास अधिकारी)**
**ग्रा. पं. पिपरांव उर्फ कठौली कंचनवा**
**वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।**

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत / टेण्डर/कोटेशन/2023-24/दिनांक

## सड़क सुरक्षा जागरूकता तथा विकसित भारत 2047 पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न



**प्रयागराज।** भारत सरकार के निर्देशन में नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज ने ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के एन०एस० एस० ईकाइयों से सहयोग लेते हुए सड़क सुरक्षा जागरूकता तथा जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज में किया।कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय के निर्देशन तथा ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के एन एस एस के इंचार्ज डा ० अरविंद कुमार मिश्रा के विशेष सहयोग से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो० आनंद शंकर सिंह , प्राचार्य, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज प्रयागराज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता के अंतर्गत रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी तथा साइबर क्राइम प्रश्नोत्तरी भी कराया गया जिसके विजेताओं को युवा दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमे प्रयागराज के विभिन्न अंचलों से युवाओं ने स्क्रीनिंग में चयनित होने के पश्चात प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल समिति में कमलेश नारायण दुबे, सेवा निवृत्त उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र संगठन, डा ० लवलेश सिंह , प्रोफेसर , ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज, प्रोफेसर, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज तथा डा ० अरविंद कुमार मिश्रा, एनएसएस प्रभारी, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज रहें। इन गतिविधियों के विजेता प्रतिभागियों को युवा दिवस के अवसर पर ट्रॉफी तथा प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। प्रथम विजेता को राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु पुलिस विभाग के संदर्भ व्यक्ति पवन पांडेय तथा साइबर क्राइम हेतु साइबर क्राइम सेल जय प्रकाश सिंह , ट्रांसपोर्ट विभाग से आई टी ओ रणवीर सिंह चौहान ने सभी युवाओं को प्रशिक्षित किया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर पवन पांडेय ने सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों को समझाते हुए युवाओं को विस्तार से रोड सेफ्टी हेतु रोड चिन्हों को समझाया। साइबर सेल से जय प्रकाश सिंह ने साइबर अटैक और साइबर संबंधी एहतियात को विस्तार से समझाया। इन युवाओं को माघ मेले में तथा शहर में विभिन्न चौराहों पर पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान तैनात किया जाएगा। नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा कुल 525 युवाओं को सड़क सुरक्षा सप्ताह में ट्रैफिक मार्शल के रूप में तैनात किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 2 दिवसों में आयोजित किया जायेगा आज प्रशिक्षित हुए युवाओं के अतिरिक्त युवा दिवस के अवसर पर भी स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

कार्यक्रम में मुख्य सहयोग ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज प्रयागराज का रहा । कॉलेज के अलग अलग एनएसएस यूनिट के प्रोग्राम ऑफिसर डा ० रफाक अहमद, डा ० आलोक मिश्रा, डा ० शैलेश मिश्रा, डा रुचि गुप्ता, डा कृष्ण सिंह, डा ० गायत्री सिंह का मुख्य सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवक अमरेश दुबे ने किया।कार्यक्रम में एन एस एस तथा नेहरू युवा केन्द्र प्रयागराज के स्वयं सेवकों अमन, राजन, निर्मल, आदित्य त्रिपाठी ,एनएसएस के श्वेतांक, केतन,अमित, पूजा, बबिता, कुसुम, गुडिया, सौरभ, विपिन का योगदान रहा।

# विहिप व उद्योग व्यापार मण्डल के लोगों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बांटा अक्षत

## 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा के बारे में दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भगवान श्री रामचन्द्र के अयोध्या नगरी में पूजित अक्षत चावल लेकर विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल के साथ संगठन मंत्री चंदन सिंह, नगर संयोजक विजय सिंह बजरंगी और जिला संपर्क अक्षत वितरण समिति के मनीष रावत, रजनीश सिंह, प्रभात दूबे आदि लोगों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी व उनकी कमेटी से मिलकर सभी को पूज्य अक्षत चावल वितरित किया।

सभी को अक्षत चावल वितरण के बाद विनोद ने 22 जनवरी 2024 दिन-सोमवार को होने वाले भगवान श्री रामचंद्र जी का अयोध्या नगरी के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तार से बताया और उपस्थित पदाधिकारी व व्यापारी बंधुओं से अनुरोध कर कहा कि आप सभी लोग भारतीय सनातन संस्कृति के अखंड पूज्यनीय परमपिता परमेश्वर भगवान श्री रामचंद्र जी के प्राण प्रतिष्ठा में 22 तारीख दिन-सोमवार को अपने-अपने घरों के पास के मंदिरों में भगवान का स्मरण, चिंतन, कीर्तन, दीप प्रज्वलन, ज्ञानार्जन, अखंड रामायण पाठ, सुन्दर काण्ड का पाठ, हनुमान चालीसा पाठ आदि के साथ-साथ पूरे जनपद प्रतापगढ़ नगरी को दीपोत्सव व लाइट और झालर की लरियों से प्रज्जवलित कर हर्षोल्लास मनाते हुए अपनी खुशियां भगवान श्री रामचंद्र जी के श्रीचरणों में समर्पित कर अपना जीवन धन्य करें। जिसपर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी जी ने सभी से पुनः अनुरोध करते हुए कहा कि त्रेता युग में भगवान चैदह वर्ष वनवास के बाद अयोध्या आए तो दीपावाली मनाया जाने लगा और आज जब सहस्त्रों वर्षों बाद यह खुशी और पावन पर्व हम सभी सौभाग्यशाली लोगों के जीवनकाल में आया है, तो हम व्यापार मंडल के समस्त ग्रामीण अंचलों व तहसीलों के छोटी बड़ी सभी बाजारों के सनातनी पदाधिकारी व सम्मानित व्यापारी बंधुओं सहित देश के सभी रामभक्त जनमानस से करबद्ध आग्रह करते हैं कि वह सभी भगवान के आगमन का उत्साहवर्धन कर पुरजोर खुशियों के साथ घरों में झंडा बैनर लगाकर, दीपक जलाकर, पूजा पाठ कर दीपकोत्सव मनाये। उपरोक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के साथ मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष अभय खण्डेलवाल, जिला महामंत्री संजय सोनी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र केसरवानी, संगठन मंत्री सरदार कुलविंदर सिंह व नारायण खण्डेलवाल, प्रांतीय सदस्य पवन अग्रवाल व गुंजन केसरवानी, जिला युवाध्यक्ष सुनील जायसवाल, शिवम केसरवानी व धर्मेन्द्र यादव आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।



लोगों को आमंत्रण पत्र बांटते उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी।

### आरएसएस ने जगह-जगह वितरित किया अक्षत

अखंड भारत संदेश



लोगों को अक्षत देते आरएसएस के पदाधिकारी।

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचारक प्रवेश, जिला संघचालक चिंतामणि द्विवेदी, अभियान के सहसंयोजक डॉ रंगनाथ शुक्ल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ सौरभ पांडेय ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करने के साथ-साथ, पूजित अक्षत वितरण किया। प्रतापगढ़ नगर में करनपुर, दहिलामऊ उत्तरी, दहिलामऊ दक्षिणी, पश्चिमी सहोदरपुर, स्टेशन रोड, पूरे ईश्वरनाथ, अष्टभुजानगर, मीरा भवन,सगरा, आदि के साथ-साथ सदर खंड के पूरे ओझा, चकवनतोड़ आदि के साथ जिले के सभी स्थानों पर अक्षत वितरण का कार्य हुआ। इस क्रम में विभाग प्रचारक प्रवेश ने कहा कि धीरे-धीरे पूजित अक्षत वितरण का अभियान पूर्णता की ओर है। जन-जन राम भक्ति के रस में डूबा हुआ है। इस अवसर पर नगर प्रचारक आलोक ,सह नगर कार्यवाह सर्वोत्तम पांडेय, भाजपा नगर अध्यक्ष आलोक गर्ग, विनोद पांडेय, विनोद शास्त्री, पूर्व सभासद अजय सिंह, अशोक शर्मा, दिनेश अग्रहरि, कालूराम सरोज,सुनील दुबे, विनोद रजक, तुषार दत्त मिश्र, विनोद मिश्र, अश्वनी पांडेय, शंकर, आदि उपस्थित रहे।

# लालगंज ट्रामा सेंटर बना निजी चिकित्सालय

## मरीजों को उठाना पड़ता है खुद के इलाज का खर्च

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय ट्रामा सेंटर कहने के लिए तो सरकारी है, जिसका मुख्य उद्देश्य मरीजों को मुफ्त चिकित्सा व्यवस्था की सुविधा प्रदान करना है, लेकिन यहां तो इलाज का पूरा खर्च रोगियों को ही उठाना पड़ता है। प्रसूताओं को भी आहार में सिर्फ चाय व बिस्किट ही दिया जाता है।

स्थानीय नगर पंचायत स्थित ट्रामा सेंटर भले ही सरकारी हो और प्रशासन भले ही मुफ्त चिकित्सा व्यवस्था का दावा करता हो लेकिन यहां शासन की व्यवस्था धरातल से कोसो दूर दिखाई दे रही है। अस्पताल में भर्ती मरीजों का वायरल वीडियो अस्पताल प्रशासन के सभी दावे को झुठलाते हुए दिखाई दे रहा है। दूर-दराज से आए मरीजों को सुविधा के नाम पर कोई व्यवस्था खास नही दिखाई देती है। रोगियों को इलाज के लिए खुद को खर्च भी देना पड़ता है ।शल्य चिकित्सा के लिए तो दो हजार से लेकर

### प्रसूताओं को आहार में मिलता है चाय व बिस्किट

सात हजार तक देना पड़ता है। वहीं प्रसूताओं को तो खाने में सिर्फ चाय व बिस्किट ही दिया जाता है। अस्पताल की दुर्दशा की हकीकत वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रही है। मरीज अपनी व्यथा को बताते नजर आ रहे है। किसी ने अस्पताल में हो रही मनमानी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ट्रामा सेंटर की दयनीय व्यवस्था देखकर चारों तरफ प्रशासन की थू-थू हो रही है। उक्त वीडियो की सच्चाई का पता तो जांच के बाद ही संभव है। इस संबंध में अधीक्षक का कहना है कि यहां पर सभी व्यवस्थाएं मुफ्त है, मरीजों को कोई परेशानी न हो सके उसके लिए वह स्वयं देख-रेख में लगे रहते है। पैसा कौन लेता है इसकी जानकारी कर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर पीडिता व उसके परिवार के सदस्यों पर जानलेवा हमले को लेकर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट तोडफोड व धमकी व हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कल्यानपुर निवासी महमूद की पत्नी तबस्सुम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आठ जनवरी को दोपहर पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी वसीम के पुत्र आरिफ आरोपियों के साथ उसके दरवाजे आ धमके।

घरेलू कामकाज निपटा रही पीडिता को आरोपी गालियां देने लगे। मना करने पर आरोपी आरिफ तथा पुत्री करिश्मा व बब्बू के पुत्र वसीम, वसीम की पत्नी आशिया बानो, टिवंकल ने लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दी। पीडिता जान बचाने के लिए घर में घुसी तो आरोपी घर में घुसकर मारपीट करते हुए गृहस्थी के सामान में तोडफोड करने लगे। आरोपियो ने पीडिता की पुत्री पर जानलेवा हमला कर दिया । जिससे अधिक चोट लगने से वह बेहोश हो गयी। शोरशराबा सुनकर गांव के लोग दौडे तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी आरिफ समेत पांच के खिलाफ मंगलवार की देर रात हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी विजयकांत सत्यार्थी का कहना है कि केस दर्ज किया गया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम प्रधान ने निर्धन असहाय को वितरित किया कम्बल

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** इन दिनों कड़ाके की ठंड को देखते हुए विकास खंड कालाकांकर की ग्राम पंचायत अंधरीपुर के ग्राम प्रधान एव पेट्रोल पम्प मालिक डा मनोज कुमार पटेल ने बुधवार को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का कार्यक्रम ग्राम पंचायत में आयोजित किया।

मेले में ग्राम प्रधान डॉ मनोज कुमार पटेल ने निर्धन असहाय को ऊनी कंबल बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे आये कालाकांकर खंड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव द्वारा गरीब, विधवा, विकलांग, एवं वृद्धो को कड़ाके की ठण्ड से बचने के लिए लगभग 300 ऊनी कम्बल वितरण किया। कम्बल पाकर सभी के चेहरे पर खुशी की झलक देखने को मिली मेले में मौजूद लोगों ने ग्राम प्रधान के इस कार्य की सराहना करते दिखाई दिये। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव आर पी यादव, दिनेश कुमार अस्थान चैकी इंचार्ज, सुशीला यादव, निर्मला प्रजापति, रामदयाल वर्मा, अफसाना बानो, रामकली पटेल, डा0 सुखराम पटेल, विनय, मनोज, अनिल, सुनील पांडेय व समस्त ग्रामवासी भी मौजूद रहे।



असहायों को कम्बल वितरित करते ग्राम प्रधान।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की महती भूमिका

## एमडीपीजी कॉलेज की शची तिवारी ने प्रथम स्थान हासिल किया

### जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नेहरू युवा केंद्र प्रतापगढ़ द्वारा आज एमडीपीजी कॉलेज में 2047 का भारत कैसा हो विषय पर जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में तीन महाविद्यालयों एमडीपीजी, पीबीपीजी, तथा साकेत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया इस भाषण प्रतियोगिता में एमडीपीजी कॉलेज की शची तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य ने युवाओं का आवहन किया कि वे अपनी प्रतिभा से जिले व प्रदेश स्तर पर अपना नाम रोशन कर सकते हैं उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की महती भूमिका है उन्होंने विजयी प्रतिभागियों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया नेहरू युवा केंद्र की ओर से रोशन लाल उमरवैश्य को अंगवस्त्र तथा शील्ड देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सहायक निदेशक सूचना आरबी सिंह ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि आज इस भाषण प्रतियोगिता में जो प्रतिभागी प्रथम आएगा उसका नाम प्रदेश मुख्यालय पर भेजा जाएगा तथा प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी प्रथम आने वाले को एक लाख, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 50 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को दो प्रतिभागियों को 25-25 हजार का पुरस्कार राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज आयोजित जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में शची तिवारी ने प्रथम, सुमित कुमार ओझा ने द्वितीय, तथा खुशी तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रोफेसर अरविंद मिश्रा, डॉ0 शैलेश कुमार पांडे तथा प्रोफेसर पियूषकांत शर्मा ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के राज्य प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह एमडीपीजी कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



छात्रा को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान करते आयोजकगण।

# महिलाओं पर बढ़ते उत्पीड़न के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

### राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को दिया गया

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी, प्रतापगढ़ के तत्वाधान में अम्बेडकर चैराहे पर महिलाओं पर बढ़ते हुए उत्पीड़न आईआईटी बीएचयू की टॉपर छात्रा के साथ हुए रेप मामले में प्रशासन द्वारा हीला-हवाली किए जाने के विरोध में गोरखपुर के विनोद उपाध्याय के साथ कथित मुठभेड़ के विरोध में कांग्रेसजनों ने धरना प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी (प्रशासनिक अधिकारी) को सौंपा गया।

ज्ञापन देने के उपरान्त एक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने एवं संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी एवम डॉ.नीरज त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देकर सत्ता हासिल किया मगर स्थिति ठीक विपरीत है। आज बेटियों को भाजपा के लोगों से बचाना पड़ रहा है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष इरफान अली एवम पी.सी.सी सदस्य डॉ.प्रशान्त देव शुक्ला ने संयुक्त रूप से कहा कि गोरखपुर के विनोद उपाध्याय को द्वेष की राजनीति से प्रेरित होकर कथित मुठभेड़ में मार दिया गया। ज्ञापन देने में वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ वी.के. सिंह, कोषाध्यक्ष/कार्यालय प्रभारी वेदान्त तिवारी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, सदर ब्लॉक अध्यक्ष मनीष सिंह, राम रतन तिवारी, संजय इस्तियाक, सूर्य प्रकाश शुक्ला, मो. असलम, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, कृष्ण कांत शुक्ला, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दानिश महबूब, अवध राज यादव, विश्वास सिंह, देवमणि पाण्डेय, सुधीर तिवारी, राम धन यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते कांग्रेसी।

# एमडीपीजी को मिली एमएससी जूलॉजी एवं एमएससी बायोकेमेस्ट्री की मान्यता

### इग्नू में अब 31 जनवरी तक हो सकेगा प्रवेश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के एकमात्र अध्ययन केंद्र एमडीपीजी को नए वर्ष पर दो नए पाठ्यक्रमों की मान्यता मिली है। एमडीपीजी से अब एमएससी जूलॉजी एवं एमएससी बायोकेमेस्ट्री की पढ़ाई की जा सकेगी। इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि इससे जनपद वासियों को विज्ञान विषय से पीजी की पढ़ाई करने में सुविधा होगी।

एमडीपीजी के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडेय ने बताया कि प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अमेठी और जौनपुर जनपदों के शिक्षार्थी एमडीपीजी केंद्र से पंजीयन एवं काउंसलिंग कराकर अपना भविष्य संवार रहे हैं। प्रतापगढ़ जनपद में अभी तक जूलॉजी एवं बायोकेमेस्ट्री से एमएससी की सुविधा नहीं थी किंतु इग्नू ने एमडीपीजी कॉलेज के अध्ययन केंद्र को इसकी मान्यता दे दी है जिससे शिक्षार्थी एमएससी की पढ़ाई जनपद में ही कर सकेंगे। वर्तमान में एमडीपीजी केंद्र पर 43 पाठ्यक्रम संचालित हैं। बता दें कि इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय में अब 31 जनवरी तक प्रवेश लिया जा सकेगा। एशिया के सबसे बड़े विश्वविद्यालय इग्नू ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय के किसी भी पाठ्यक्रम में अब 31 जनवरी तक प्रवेश होगा। यह जानकारी इग्नू के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने दी है।

# नेताजीपुरम के लिए पेयजल योजना की अवशेष धनराशि हुई अवमुक्त, प्रसन्नता

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के संयुक्त प्रयास से लालगंज की नगरीय क्षेत्र की जनता को जल्द ही शुद्ध एवं मीठा पानी घर घर मुहैया हो सकेगा।

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता एवं संसद के केन्द्रीय जल संसाधन मंत्रालय समिति के सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से शासन ने नेताजीपुरम वार्ड में निमार्णाधीन वाटर पम्प एवं वाटर सप्लाई करोड़ों की पेयजल योजना के लिए अवशेष नब्बे लाख रुपए की बड़ी एकमुश्त धनराशि अवमुक्त

### वाटर पम्प एवं वाटर सप्लाई परियोजना के लिए शासन ने अवमुक्त किया एकमुश्त नब्बे लाख

कर दिया। शासन के संयुक्त सचिव कल्याण बनर्जी की ओर से नगर विकास अनुभाग द्वारा नौ जनवरी को जारी शासनादेश में कार्यदायी संस्था को यह धनराशि अवमुक्त करते हुए निर्धारित समय के भीतर योजना को पारदर्शिता के साथ पूर्ण किये जाने का भी आदेश दिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी ने बताया कि विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी से इस परियोजना को पूर्ण कराए जाने के लिए हाल ही में अनुरोध किया गया था। उन्होनें जनहित में परियोजना के लिए लाखों की अवशेष धनराशि शासन द्वारा नगर पंचायत को उपलब्ध कराए जाने के लिए सभासदों तथा नगर के लोगों की ओर से राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रति आभार भी जताया है। वहीं चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, वार्ड के सभासद पन्ने लाल पाल, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी के साथ व्यापारियों ने भी नेताजीपुरम वार्ड में पीने के पानी की टंकी के लिए इस धनराशि को मुहैया कराए जाने में विधायक आराधना मिश्रा मोना के इधर लगातार प्रयासों को सराहा है। इधर शासन द्वारा धनराशि अवमुक्त कराये जाने के शासनादेश की बुधवार को यहां विधायक मोना की ओर से मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी है।

## ईवीएम के जरिए वोट की पारदर्शिता को लेकर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आम चुनाव में ईवीएम मशीन की पारदर्शिता को लेकर बुधवार को स्थानीय तहसील सभागार में जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में एसडीएम की मौजूदगी में तहसील आये लोगों के साथ बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भी ईवीएम मशीन के जरिए मतदान की पारदर्शी प्रक्रिया को जांचा परखा। एसडीएम लालधर सिंह यादव ने लोगों को बताया कि ईवीएम मशीन के जरिए पड़ने वाला हर एक मत पारदर्शी हुआ करता है। उन्होने निष्पक्ष मतदान के मिशन में ईवीएम मशीन की कारगर उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने भी ईवीएम के जरिए पडने वाले मतों की विश्वसनीयता पर प्रकाश डाला। आईटीआई के प्रशिक्षक अशोक शुक्ला ने ईवीएम के जरिए मतदान की प्रक्रिया से लोगों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम का सयोजन निर्वाचन पटल के सहायक सुरेश यादव ने किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार पंकज, वरिष्ठ अधिवक्ता टीपी यादव, देशराज यादव, मोनू पाण्डेय, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, अमीन संघ के जिलाध्यक्ष रज्जन सिंह, प्रदीप सिंह, राकेशकांत मिश्र आदि रहे।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में आदर्श मौर्य को प्रथम स्थान मिला

### आयुष द्वितीय तथा लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रहे

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा सदर विकास खंड के सरायदली गांव में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें आदर्श मौर्य प्रथम, आयुष द्वितीय तथा लक्ष्मी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। श्रवण कुमार, देवांश तथा स्वाती को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया।

उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कवयित्री रीतिका मौर्य रीतू ने किया। सभी को स्मृति चिन्ह, पदक तथा लेखनी देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रेमदास मौर्य ने कहा कि अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन करके ग्रामीण नवांकुरों को सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। अध्यक्षता करते हुए लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि स्पधाएं बालक में आगे बढ़ने की ललक उत्पन्न करती हैं। बच्चे बढ़ेंगे तो देश बढ़ेगा। सभी बच्चों ने सुंदर कविताएं सुनाईं। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार, शैलेन्द्र, जितेन्द्र, आकाश, आनन्द, अनुराग, आरती, अनन्या, साक्षी, श्लोक, सृष्टि उपस्थित थे। संचालन रीतिका मौर्य रीतू ने किया।



प्रमाण पत्र के साथ विजयी प्रतिभागीगण।

# मकर संक्रान्ति एवं गणतन्त्र दिवस को सकुशल व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों एवं नागरिकों के साथ डीएम एसपी ने की बैठक



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में आगामी पर्व मकर संक्रान्ति एवं गणतन्त्र दिवस आदि पर्व को सकुशल व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से आगामी पर्व को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने सम्भ्रान्त नागरिकों से समस्याओं सुझाओं को प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि त्योहार को आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाया जाय। सम्भ्रान्त नागरिकों ने कहा कि त्योहार को शान्तिपूर्ण एवं आपसी भाईचारा के साथ मनाया जायेंगा तथा कोई भी अप्रिय घटना नहीं होने दी जायेंगी। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से कहा कि सम्वेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा त्यौहार रजिस्टर का भली-भॉति अध्ययन कर लिया जाय। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण व फूट पेट्रोलिंग करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2024 को जनपद के मन्दिरों में कई कार्यक्रम होने हैं, इस सम्बन्ध में उन्होंने सभी ई0ओ0 को अपने क्षेत्र में स्थित मन्दिरों की साफ-सफाई एवं आवश्यकतानुसार मोबाइल शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों के मन्दिरो की साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता, विद्युत को जेई की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने तथा सीएमओ को आवश्यकता अनुसार सीएचसी वार चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दियें। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आवारा घूम रहें गोवंशों को पकड़वाकर संरक्षित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी गोवंश आवारा घूमतें हुए न पायें जाय। उन्होंने श्रीराम चरणपादुका यात्रा के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दियें। बैठक में बताया गया कि ख्वाजा कड़कशाह का 729वॉ उर्स ख्वाजा कड़कशाह की मजार ग्राम सुल्तानपुर में दिनांक 12.01.2024 से 19.01.2024 तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। डीएम ने सम्बन्धितअधिकारियां को आवश्यक व्यवस्थायें एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मकर संक्रान्ति पर गंगा व यमुना नदी में श्रद्धालुओं के स्नान, पभोषा मेला तथा मन्दिरों में कई कार्यक्रम होना प्रस्तावित है। उन्हांने सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि कहीं पर भी कोई अप्रिय घटना न होने पाये। यातायात व्यवस्था सुचारू रखा जाय। महिलाओं के साथ छेड़खानी एवं चैन स्नैचिंग की घटनायें न होने पाये, इस पर विशेष सतर्कता बरती जाय। उन्होंने सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल उन्हें या सम्बन्धित एसडीएम व क्षेत्राधिकारियां को अवगत करायें, समस्या का तत्काल निस्तारण किया जायेंगा इस अवसर अपर पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा, सभी उप जिलाधिकारीगण आकाश सिंह प्रबुद्ध सिंह व सौम्य मिश्रा, क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं सम्भ्रान्त नागरिकगण रमेश अग्रहरि व प्रवेश केसरवानी आदि रहे।

# अपेक्षित संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने में प्रगति न पाये जाने पर नाराज हुए जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को प्रगति लाने के दिये निर्देश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियो के साथ आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने अब तक बनाये गये आयुष्मान कार्डों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर अपेक्षित संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने में प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को निर्देशित किया कि जिलापूर्ति अधिकारी एवं जिला पंचायतराज अधिकारी से समन्वय कर कोटेदारों के माध्यम से पात्र ग्रहस्थी लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनवाना सुनिश्चित करें। उन्हांने जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही बरतने वाले पंचायत सहायकों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को पंचायत सहायकों के साथ बैठक कर आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के कार्य में प्रगति लाये जाने के निर्देश दियें हैं। उन्होंने मैनेजर वी0एल0ई0 को कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से नगर क्षेत्र के लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के कार्य में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला कार्यक्रम समन्वयक ओम त्रिपाठी को नगर क्षेत्र के लाभार्थियों की सूची सम्बन्धित अधिशासी अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दियें, ताकि लाभार्थियां का आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनवाया जा सकें।

# लोंहदा, इब्राहिमपुर एवं उमरपुर नींवा में 11 जनवरी को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-लोंहदा व इब्राहिमपुर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा अटसरई व उमरपुर नींवा में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 11 जरवरी 2023 को ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्वमेरी कहानी मेरी जुबानीह्वके तहत अपने अनुभव/ फीडबैक साझा करेंगे।

वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/ विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/ स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-ह्वधरती कहे पुकारह्व एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

# पत्नी की प्रताड़ना से परेशान युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर मौत को लगाया गले

## जानकारी मिलते ही युवक के रिश्तेदार परिवार और ससुराल के लोग भी मौके पर रोते बिलखते पहुँच गए



**महगाव कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी टेवा अन्तर्गत रामसरन का पूरा गांव का एक युवक शादी के बाद से अपनी पत्नी को लेकर अपने ससुराल संदीपन घाट थाना क्षेत्र के महागाव में रह रहा था लेकिन ससुराल में रह रहे इस युवक को आए दिन मानसिक प्रताड़ना दी जाती थी पत्नी और ससुरालियों के प्रताड़ना से पीड़ित युवक ने बुधवार की दोपहर को हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के महगाव गांव के पास रेल लाइन पर गुजर रही ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर लिया है जिससे मौके पर उसकी दर्दनाक मौत हो गई है मामले की सूचना मिलते ही ससुराल और परिवार के लोग रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे हैं जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक श्री चन्द पुत्र उम्र लगभग 27 वर्ष पुत्र राम कृपाल निवासी ग्राम राम सरन का पूरा टेवा कोतवाली मंझनपुर की शादी करीब तीन वर्ष पहले महगाव के रहने वाले बंसी लाल कोरी की पुत्री चांदनी के साथ हुई थी। शादी के बाद से श्री चन्द अपने ससुराल महगाव में पत्नी के साथ रहने लगा था। ससुराल में रह रहे इस युवक का आए दिन पत्नी और ससुरालियों से विवाद होता था 10 जनवरी को फिर श्री चन्द का किसी गम्भीर बात को लेकर अपनी पत्नी से जोरदार विवाद हुआ चचाएं हैं कि ससुराल के लोगों ने मिलकर युवक की पिटाई भी कर दी है पत्नी की प्रताड़ना युवक सहन नहीं कर सका और पत्नी से विवाद के बाद युवक ने हावड़ा दिल्ली रेल लाइन पर गुजर रही ट्रेन के सामने छलांग लगा दी जिससे मौके पर उसकी दर्दनाक मौत हो गई है ट्रेन हादसे में युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के तमाम लोगों की भीड़ लग गयी मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई सूचना पाकर घटनास्थल पर थाना पुलिस पहुंची है मामले की जानकारी मिलते ही युवक के रिश्तेदार परिवार और ससुराल के लोग भी मौके पर रोते बिलखते पहुँच गए है पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रिद्धि सिद्धि कॉलेज में फ्रेशर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने सभी छात्रों को स्वरोजगार को बढ़ावा देते हुए उस पर अमल करने के लिए मार्गदर्शन दिया



**कौशाम्बी** रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में नए साल के प्रारंभ में बुधवार को सभी छात्र छात्राओं को उपहार एवं शुभकामनाओं के साथ नए वर्ष की शुरूआत की गई जिसमें सभी छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इसमें इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने सभी छात्रों को स्वरोजगार को बढ़ावा देते हुए उस पर अमल करने के लिए मार्गदर्शन दिया। साथ ही साथ रिद्धि सिद्धि कॉलेज ऑफ फामेर्सी में नए छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया जिसमे चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने अपने कर कमलों द्वारा मिस्टर फ्रेशर हमदान और मिस फ्रेशर प्रियांशी द्वितीय वर्ष एवं मिस्टर फ्रेशर अतुल और मिस फ्रेशर कंचन प्रथम वर्ष तथा बेस्ट स्टूडेंट राज और बेस्ट परफोमेंश शिवानी ( बी. ए. तृतीय वर्ष ) को चुना गया। इस सम्मान के साथ ही समस्त अभिभावकों और बच्चो को संबोधित करते हुए संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने कहा की आप सभी अपने आप में छुपे हुए कौशल को पहचानने और प्रतिभावान बने और स्वालंबन बनने की प्रेरणा दी और नए साल में उपहार स्वरूप संस्थान की डायरेक्टर श्री मती सीमा पवार ने बच्चों की फीस कम करने हेतु आग्रह किया ।यह फ्रेशर पार्टी संस्थान की डायरेक्टर श्री मती सीमा पवार के अध्यक्षता में की गई जिन्होंने अपने संदेश में बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और इस कार्यक्रम का संचालन नागेन्द्र त्रिपाठी और सुभाष शुक्ला ने किया यह संचालन बहुत ही सराहनीय और मनमोहक रहा। इस प्रोग्राम में संगीत, नृत्य , गजल, भजन से बच्चों ने सभी का मन मोह लिया।इस कार्यक्रम में संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉ० मयंक मिश्रा, डॉ० सचिन त्रिपाठी अमित दुबे अंकित मौर्य राजेंद्र विश्वकर्मा श्री मती ममता कौशल अमित मौर्य मुलायम सिंह विकास जायसवाल कृष्णा सिंह निशांत मिश्र अमित द्विवेदी आर्यन एवं समस्त रिद्धि सिद्धि कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहे।

# आबकारी व चौकी पुलिस की संरक्षण मे धधक रही है अवैध जहरीली शराब की भट्ठी



**नेवादा कौशाम्बी** प्रदेश सरकार शान्ती ब्यावस्था बनाये रखने के लिए भले ही कितना उपाय करे लेकिन भ्रष्ट थाना पुलिस व अधिकारियों के चलते शराबियों का उत्पात व अराजकता कम होती नही दिखाई देती बल्कि दिन व दिन बढ़ती नजर आती है शाम होते ही सड़कों व चौराहों पर शराबियों अराजकताओं का उत्पात शुरू हो जाता है जिससे आम जनमानस का जीना मुहाल है सबसे अधिक दिक्कत महिलाएं बालिकाओं को होती है पिपरी थाना क्षेत्र के लोधउर पुलिस चौकी अन्तर्गत रसूलपुर ब्यूर औधन आदि गांव मे इस समय अवैध तरीके से जहरीली शराब की भट्ठियां धधक रही है उर्वरक दवा व अन्य घटिया पदार्थों से जहरीली शराब बनाई जाती है जो जानलेवा है शाम होते ही गांव के सड़कों व चौराहों पर शराबियों व मनचले किस्म के अराजकताओं का उत्पात शुरू हो जाता है भद्दी भद्दी गाली गलौज व मार पीट शराबी करने लगते हैं जो सामाजिक लोगों का जीना मुहाल कर देते हैं रास्ते से गुजरने वाली महिलाओं बालिकाओं से छीटाकाशी करते हैं जिससे उन्हें शर्मसार होना पड़ता है जब कि इसकी शिकायत कई बार चौकी पुलिस से लोगो द्वारा किया गया लेकिन भ्रष्ट पुलिस और आबकारी विभाग कमीशन खोरी के चलते इस गंभीर मामले को नजर अंदाज करते रहते हैं अब सवाल उठता है कि आखिर आबकारी विभाग व चौकी पुलिस शराब भट्ठी संचालित करने वाले को इतनी छूट क्यों दे रखा है अवैध जहरीली शराब कारोबारियों से स्थानीय पुलिस और आबकारी निरीक्षकों के क्या रिश्ते हैं जो जांच का विषय है क्या उच्च अधिकारी गांव क्षेत्र मे शांति ब्यावस्था कायम रखने के लिये इन अवैध शराब कारोबारियों पर कोई ठोंस कदम उठायेगें या फिर इसी तरह शराबी व मनचले उत्पात मचाकर शांति ब्यावस्था को तार तार करते रहेंगे।

# न्यूज झरोखा

## लोकतंत्र सेनानी मोहन श्याम केसरवानी को डीएम,एसपी ने राजकीय सम्मान के साथ दी श्रद्धांजलि

**भरवारी कौशाम्बी** कांग्रेस के शासनकाल में 26 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक देश में आपातकाल घोषित किया गया था और आपातकाल के दौरान जो जेल गए थे उन्हें लोकतंत्र सेनानी का दर्जा दिया गया था जिले के भरवारी कस्बे के लोकतंत्र सेनानी मोहन श्याम केसरवानी का बीमारी के चलते मंगलवार को निधन हो गया बुधवार को राजकीय सम्मान के साथ डीएम सुजीत कुमार,एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय मोहन श्याम केसरवानी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता सहित तमाम गणमान्य लोगों ने भी पुष्प चक्र अर्पित कर लोकतंत्र सेनानी को श्रद्धांजलि दी। पुलिस विभाग ने लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय मोहन श्याम केसरवानी का राजकीय सम्मान करते हुए शस्त्र द्वारा सलामी दी , इस दौरान अनेकों भाजपा नेताओं के साथ साथ हजारों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे ।इस दौरान सरकारी व्यवस्था से त्रस्त रहे मृतक लोकतंत्र सेनानी के पुत्र और परिजनो ने डीएम,एसपी को अस्पताल में लोकतंत्र सेनानी को मिलने वाली सुविधाओं के नही मिलने और लापरवाही किए जाने पर अपनी व्यथा कही।

## चोरों ने सेंध लगाकर हजारों का सामान किया पार

**नेवादा कौशाम्बी** पिपरी थाना क्षेत्र के लोधउर निवासी रामचन्द पुत्र सम्मारे जो कि ईंट भट्ठा मे रहकर मजदूरी कर किसी तरह अपने बीबी बच्चों का भरण पोषण करता है अपने परिवार सहित लोधउर बाजार के पास घर बनाकर रहता है मंगलवार की रात गृह स्वामी घर पर नही था भट्ठा पर था मौका देख चोरों ने उसके घर को अपना निशाना बनाया और घर के पीछे से सेंध लगाकर घर के अन्दर घुसे और घर मे रखे बक्सा को पास के खेत मे उठा ले गये और उसमे रखे लगभग आठ से दस तोला चांदी के जेवर पार कर दिया और मौके पर कुछ नही मिल पाया परिवार वालों की आंख खुली तो घटना की जानकारी हुई चोरी की घटना देखकर परिवार वालों को होश उड़ गए मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना परिवार के लोगों ने नजदीकी चौकी पुलिस को दी है खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है

## शिकायत मिलने पर आबकारी असिस्टेंट कमिश्नर प्रयागराज सन्तोष श्रीवास ने मौके पर किया जांच



**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थाना अंतर्गत समसपुर गांव के मिठाई लाल पुत्र स्व राम दुलारे की बेरूआ चौराहा पर सरकारी देशी शराब की लाइसेंसी दुकान संचालित हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन, आबकारी मंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ,आबकारी आयुक्त प्रयागराज जोन प्रयागराज,पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज, जिलाधिकारी कौशाम्बी, पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी, जिला आबकारी अधिकारी कौशाम्बी से शिकायत किया कि हमारे क्षेत्र के मलाक नागर (जीवन गंज रेलवे फाटक) के पास एक फर्जी तरीके से देशी शराब की दुकान लगभग 5 माह से संचालित हो रही है। जिससे शिकायत कर्ता की दुकान से देशी शराब की बिक्री नही हो रही है। कोटा नहीं उठ पाता है, कोटा उठान में परेशानी होती है। जिससे राजस्व की क्षति हो रही है, जिससे व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। दुकान धारक ने उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया । शिकायत की जांच करने मौके पर आबकारी अधिकारी असिस्टेंट कमिश्नर प्रयागराज सन्तोष श्रीवास पहुंचे तो दुकान धारक मिठाई लाल कि शिकायत सत्य पायी गयी। आबकारी अधिकारी असिस्टेंट कमिश्नर प्रयागराज ने जांच कर शिकायत कर्ता को न्याय दिलाने का आश्वासन देते हुए कहा कि विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सेंट फ्रांसिस स्कूल की इंटर की छात्रा के आकस्मिक निधन से परिजनों एवम स्कूल परिवार में शोक की लहर

**भरवारी कौशाम्बी** सेंट फ्रांसिस स्कूल बेरुवा की इंटर की छात्रा दिव्या चौधरी निवासी चरवा का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया वह एक अद्भुत छात्रा थी, ईमानदार, विनम्र, मेहनती और अध्ययनशील छात्रा के निधन से सेंट फ्रांसिस स्कूल परिवार ने एक रत्न खो दिया है ।छात्रा के निधन से परिवार समेत विद्यालय में दुख का माहौल है सेंट फ्रांसिस स्कूल बेरुवा में वह इंटर की होनहार छात्रा थी,स्कूल परिवार ने दिव्या को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बुधवार को स्कूल को बंद कर दिया है और स्कूल परिवार से सभी से अपील की है कि सभी लोग दिव्या की मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करे ।दिव्या के निधन से उसके परिजनों एवम सेंट फ्रांसिस स्कूल परिवार सहित उसके साथ पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं में शोक की लहर है

## पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत 14 जनवरी तक करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी** पूर्वदशम (कक्षा 9-10) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समस्त छात्र/छात्राओ द्वारा छात्रवृत्ति के लिए 14 जनवरी, 2024 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता हैं। यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार ने देते हुए बताया कि छात्र/छात्राओ द्वारा किये गये ऑनलाइन आवेदन को समस्त शिक्षण संस्थानां द्वारा अग्रसारित करते हुए दिनांक 19 जनवरी 2024 तक संशोधित किया जा सकता हैं। उन्होंने शैक्षिक सत्र 2023-24 में पूर्वदशम (कक्षा 9-10) कक्षाओ में अध्ययनरत पात्र छात्र/छात्राओ द्वारा ऑनलाइन आवेदन व सम्बन्धित शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदनों को संशोधित करते हुए निर्धारित तिथि तक अग्रसारित करने के निर्देश दियें हैं

## पशु आरोग्य शिविर में 650 पशुओं का हुआ टीकाकरण

**कौशाम्बी** जिले में पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया,शिविर में 650 पशुओं का टीकाकरण किया गया,इस दौरान ग्रामीणों और पशु पालकों को पशुओं में होने वाली बीमारी के प्रति जागरूक किया गया मूरतगंज ब्लाक के बड़ा गाँव के मजरा पट्टी परवेजाबाद में बुधवार को पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। पशु शिविर का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य रमेश पासी द्वारा किया गया। इस दौरान शिविर में पशु अस्पताल भरवारी के पशु चिकित्साधिकारी? डा. प्रदीप कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित पशुओं से सम्बंधित समस्त योजनाएं बताई शिविर में पशु चिकित्साधिकारी डा. रविन्द्र दुबे द्वारा पशुओं के रोगों जैसे कि संक्रमक रोग (छूतही बीमारियाँ), गलाघोंटू, जहरवाद (ब्लैक क्वार्टर), प्लीहा या पिलबढ़वा (एंथ्रेक्स), खुरहा मुहंपका (फूट एंड माउथ डिजीज), पशु झ्र यक्ष्मा (टी. बी.), थनैल, संक्रामक गर्भपात आदि बीमारियों की जांच की गई ।शिविर में 650 पशुओं का टीकाकरण कराया गया ।इस दौरान शिविर में पशुधन प्रसार अधिकारी अश्वनी कुमार, अजय कुमार सिंह सहित पशुपालन विभाग के स्टाफ मौजूद रहे।

# कौशाम्बी में वेशकीमती सरकारी जमीन नहीं है सुरक्षित!

## लाखों रुपए वसूली करने के बाद श्री राम वाटिका के पहले सरकारी जमीन पर कब्जा कराने का तहसील प्रशासन पर लगा है गम्भीर आरोप

*सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे पर डीएम ने बार-बार लगाई रोक लेकिन तहसील ने करा दिया कब्जा, इसके अलावा भी कोतवाली के सामने सहित मंझनपुर की दर्जनो सरकारी जमीन पर शासन प्रशासन को गुमराह कर तहसील प्रशासन ने करा दिया है अवैध कब्जा*

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अंतर्गत मंझनपुर तहसील क्षेत्र की वेशकीमती सरकारी जमीन सुरक्षित नहीं है जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक सरकारी जमीन खाली कराने का निर्देश दे रहे हैं जिन सरकारी जमीनों में पहले कब्जे हो चुके हैं उन्हें खाली कराना तो दूर वर्तमान में खाली पड़ी सरकारी जमीनों पर बेरोकटोक फिर कब्जे हो रहे हैं लेकिन नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अधिकारियों से लेकर तहसील मंझनपुर के अधिकारी तक सरकारी जमीनों को सुरक्षित रखवाने में नाकामयाब साबित हुए हैं दो वर्ष के अन्तराल में नगर पालिका परिषद मंझनपुर क्षेत्र में एक-एक करके दर्जनों सरकारी जमीनों पर अधिकारियों के साठगांठ से कब्जा हो गया है सरकारी जमीनों पर पक्के भवन बन गए हैं तो कहीं टीन सेट डालकर निर्माण कर लिया गया है सरकारी जमीन पर कब्जा रोकने वाले अधिकारी कब्जा धारकों से साठगांठ कर सरकारी जमीन कब्जा कराने में मशगूल दिखाई पड़ रहे हैं और डीएम से लेकर के शासन तक को गुमराह कर रहे हैं। नगर पालिका परिषद मंझनपुर के तहसील रोड पर श्रीराम गेस्ट हाउस के पहले मुख्य सड़क पर करोड़ो कीमत की सरकारी जमीन पड़ी थी भू माफियाओं की नजर सक्रिय हुई सरकारी जमीन पर पहले मिट्टी डालकर समतलीकरण शुरू किया गया मामले की शिकायत तहसील और नगर पालिका से हुई जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से भी शिकायत हुई लेकिन राजस्व लेखपाल ने यह कहकर मामले को टाल दिया की जमीन कब्जा नहीं होगा देखते-देखते जमीन पर पक्के पिल्लर लगा दिए गए उसके बाद टीनसेट डाल दिया गया टीन सेट डालने के बाद वहां पर लोहे की गुमटियों का निर्माण कराया जाने लगा मामले की फिर शिकायत हुई तहसील प्रशासन ने टीन उतरवा दिया लेकिन मौके पर ढांचा खड़ा रह गया कुछ महीने तक माफियाओं से अधिकारियों का लुका छुपी का खेल चलता रहा लेकिन माफियाओ पर मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तारी करते हुए पूरी सरकारी जमीन पूर्व की स्थिति पर बहाल नहीं की गई सरकारी जमीन पर भू माफिया का कब्जा बहाल रहा। साठगांठ और अंधेर गर्दी की हद तो तब हो गई जब तहसील प्रशासन ने जिला अधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक को झूठी सूचना भेज दी कि उसने सरकारी जमीन खाली करा दी है जबकि तहसील प्रशासन द्वारा जिला अधिकारी और मुख्यमंत्री को भेजी गई यह सूचना पूरी तरह से झूठी है मौके पर सरकारी जमीन पर कब्जा बरकरार है दर्जनों लोग मौके पर गोमटिया खोलकर बैठे रहते हैं मामले में लेखपाल से लेकर के तहसीलदार तक की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं लेकिन सरकारी जमीन कब्जा हो जाने के बाद अब शासन प्रशासन भी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है आखिर सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले में कब तक अधिकारियों का यह लुकाछिपी का खेल चलता रहेगा सरकारी जमीन पर कब्जा कराने वाले अधिकारियों को चिंतित करना होगा यह सरकार की संपत्ति के विरोधी हैं सरकारी जमीन पर कब्जा कराने वाले अधिकारियों को चिन्हित कर इन पर मुकदमा दर्ज कराकर इनकी गिरफ्तारी कराकर इनको सरकारी नौकरी से बर्खास्त करते हुए सरकारी जमीन सुरक्षित करने की जरूरत है इतना ही नहीं भू माफियाओं पर भी मुकदमा दर्ज करा कर सरकारी जमीन खाली कराए जाने की जरूरत है जिले की आम जनता जिला अधिकारी और मुख्यमंत्री से जवाब चाहती है कि क्या श्री राम गेस्ट हाउस के बगल में मुख्य रोड पर सरकारी जमीन कब्जा करने वाले माफियाओं पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी कराई जाएगी और माफियाओं को जमीन कब्जा कराने वाले अधिकारियों को चिन्हित कर उन पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी कराते हुए उन्हें नौकरी से बर्खास्त किया जाएगा या फिर योगी सरकार के बुलडोजर व्यवस्था पर सब कुछ केवल ड्रामेबाजी तक सीमित रहेगा यह योगी सरकार के अधिकारियों की निष्पक्ष कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा हो गया है।

# एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 12 जनवरी को

**कौशल** विकास मिशन, राजकीय आईटीआई एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन 12 जनवरी 2024 को पं0 रामयश इण्टर कॉलेज, खिजिरपुर कैलई इमलीगॉव, नेवादा में किया जायेंगा, जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन ने देते हुए बताया कि हाईस्कूल एवं आईटीआई/डिप्लोमा उत्तीर्ण एवं कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी प्रातः 10 बजे अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर सकतें हैं।

**रेप पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार** : कौशाम्बी थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा रेप और पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त रमेश पुत्र भैयालाल निवासी चरवा को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया है

**दो वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**: कौशाम्बी थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा 02 वांछित अभियुक्तों अजय यादव पुत्र जगजीत सिंह निवासी असरावल खुर्द थाना एयरपोर्ट वा विजय प्रजापति पुत्र शारदा प्रसाद निवासी जलालपुर घोसी थाना एयरपोर्ट को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

## संपादक की कलम से

# शांति और चुप्पी के बीच पल रहा खतरा

प्रधानमंत्री मोदी 2-3 जनवरी को लक्षद्वीप में थे। यहां समुद्र किनारे टहलते, बैठे, गोताखोरी की पोशाक में उनके कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई रहीं। खुद प्रधानमंत्री ने यहां की कुछ तस्वीरों को साझा करते हुए कहा- प्राकृतिक सुंदरता के अलावा लक्षद्वीप की शांति भी मंत्रमुग्ध कर देने वाली है।

बेशक चुनावी, सियासी और धार्मिक व्यस्तताओं के बीच समुद्र की लहरों के शोर में श्री मोदी को शांति का अनुभव हुआ होगा। लेकिन उनकी लक्षद्वीप यात्रा के बाद एक अनावश्यक विवाद खड़ा हो गया है, जिससे अशांति के खतरे बढ़ रहे हैं। न जाने किस सोच के तहत लक्षद्वीप और मालदीव की तुलना शुरू हो गई। फिर मालदीव की नयी सरकार के दो-तीन मंत्रियों ने मोदीजी की तस्वीरों और भारत के पर्यटन व आतिथ्य उद्योग पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी, मालदीव सरकार ने उनके बयानों से किनारा करते हुए उन्हें सरकार से बर्खास्त भी कर दिया।

लेकिन अब भी विवाद चल ही रहा है। राष्ट्रवाद के उन्मादी चैनल मालदीव को घुटने पर लाने, मालदीव के आका चीन को सबक सिखाने जैसे शीर्षकों से खबरें देने लगे हैं। यह बात समझ से परे है कि आखिर हम किस तरह की विदेश नीति को लागू करना चाहते हैं, जिसमें अपने पड़ोसियों से सौहार्द्रपूर्ण संबंध की जगह लड़ने-भिड़ने-झुकाने की बातें होने लगी हैं। कभी हम पाकिस्तान के लिए घर में घुसकर मारने की बात कहते हैं, कभी नेपाल की बाहें मरोड़ते हैं और कभी मालदीव को घुटने पर लाते हैं। हालांकि चीन का नाम लेने से भी घबराते हैं।

खैर अभी किस प्रयोजन से मालदीव का विवाद खड़ा किया गया है, इसका खुलासा शायद निकट भविष्य में हो। क्योंकि यह खुला तथ्य है कि भारत के फिल्मी सितारों से लेकर रईसों के लिए मालदीव छुट्टियां बिताने के लिए पसंदीदा स्थल है। बेशक भारत में एक से बढ़कर एक खूबसूरत पर्यटक स्थल हैं, लेकिन अधिकतर संपन्न और सक्षम भारतीय छुट्टियां बिताने के लिए विदेश ही जाना चाहते हैं। विदेशी पर्यटक भारत की विविधता भरी संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक धरोहरों को देखने के लिए भारत आते हैं।

देश में पसरी हुई गंदगी, विदेशी के नाम पर कई बार होने वाली ठगी, अभद्रता, असुरक्षा के बावजूद भारत के अनूठेपन को महसूस करने के लिए विदेशी सैलानी सदियों से भारत आते रहे हैं और आते रहेंगे। लेकिन अधिकतर भारतीयों के लिए पर्यटन का अर्थ अब नयी जगहों को देखना, खान-पान, संस्कृति की विविधता का आनंद उठाना न रहकर, दिखावा हो गया है। कुदरत की खूबसूरत को आंखों से होकर दिल में उतारने और इतनी सुंदर कायनात का हिस्सा होने पर रोमांचित होने की जगह अब इस बात को गर्व का विषय बनाया जाने लगा है कि किसने कितनी बार विदेशों में छुट्टियां बिताईं और कितनी खरीदारी विदेशी बाजार से की और कैसे पांच सितारा सुविधाओं का लुत्फ उठाया। अब इन्हीं संपन्न और सक्षम लोगों में से कुछ ने अचानक लक्षद्वीप को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है। इनमें वो फिल्मी सितारे भी हैं, जिन्होंने नए साल का जश्न मालदीव में मनाया और दो दिन भारत के लोगों को लक्षद्वीप जैसे स्थलों को बढ़ावा देने के उपदेश देने लगे। इस दुचित्तेपन का कोई इलाज नहीं है, ये तो लोगों को अपने विवेक से समझना होगा कि जिन लोगों को उन्होंने अपना नायक बना कर रखा है, उनकी कथनी और करनी में कितना फर्क है। जहां तक सवाल लक्षद्वीप के पर्यटन को बढ़ावा देने का है, तो यह काम बेशक प्रधानमंत्री, उनकी सरकार और समर्थक करें, लेकिन इसके साथ उन सवालों पर भी विचार कर लें, जिनकी वजह से एक खूबसूरत स्थल में शांति की जगह विकास का शोर हावी हो जाएगा। मोदीजी जब लक्षद्वीप की शांति को सोशल मीडिया पर साझा कर रहे थे, उसी दौरान मनाली की भी तस्वीरें सामने आई थीं, जहां कई किलोमीटर तक कारों की कतार लगी थी। हिमाचल के इस सुंदर पर्यटन स्थल पर अब छुट्टियां मनाने लोगों की भीड़ उमड़ती है। हर साल ऐसी तस्वीरें सामने आती हैं जब कुल्लू-मनाली, शिमला, या इसी तरह के हिल स्टेशन पर पर्यटकों का बोझ बढ़ जाता है। लोगों को प्राकृतिक नजारों का आनंद तो लेना है, लेकिन उसके लिए जरा सा भी कष्ट नहीं उठाना है। इसलिए पर्यटकों की सुविधा के लिए कहीं पहाड़ खोदकर सुरंग बनाई जाती है, कहीं जंगल काटकर रास्ते बनाए जाते हैं। नवंबर में सिलक्यारा सुरंग का जो हादसा हुआ, वह भी ऐसी ही एक परियोजना का हिस्सा है, जिसमें पर्यटक चारों धाम की यात्रा आसानी से कर लें। उत्तराखंड में केदारनाथ हादसे के वक्त भी हताहतों की संख्या इसलिए बढ़ी क्योंकि जरूरत से अधिक पर्यटक वहां मौजूद थे। नदी, जंगल, तालाब, पहाड़, रेगिस्तान, समुद्री किनारे, खाइयां, गुफाएं, हर तरह की धन-संपदा प्रकृति ने भारत पर लुटाई है, और भारतीय उतनी ही बेरहमी से इस संपदा को खत्म होते भी देख रहे हैं। लक्षद्वीप की बात करने वालों ने शायद अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में काटे जा रहे वनों और आदिवासी संस्कृति के साथ हो रहे खिलवाड़ की ओर कभी ध्यान नहीं दिया। मुंबई के बीच में ही आरे वन को मेट्रो शेड के लिए काटा गया और उसका विरोध हुआ तो लक्षद्वीप की वकालत करने वाले फिल्मी सितारों ने चुप्पी साध ली। अभी छत्तीसगढ़ में हसदेव के जंगलों के लाखों पेड़ों को काटने की तैयारी है और कई हजार पेड़ काटे जा चुके हैं। यहां कोयले का भंडार है, जिसे निकालकर खरबपतियों को अपनी जेब का वजन और ज्यादा बढ़ाना है। जंगल के कटने से जैव विविधता, जंगली जानवर, आदिवासी सबका अस्तित्व खतरे में आ चुका है, लेकिन एक अजीब सी चुप्पी सत्ता के ऊपरी स्तरों पर पसरी हुई है।

# लोककला के नाम पर अश्लीलता परोसना शर्मनाक

**-प्रियंका सौरभ**



वर्तमान परिदृश्य में लोककला के नाम पर अश्लीलता परोसी जा रहा है, जो कि चिंतनीय व शर्मनाक है। यह न केवल इन परंपरागत शैलियों को धूमिल कर रहा है बल्कि ह्यविदेशी/वेस्टर्न के चक्कर में हम अपनी पहचान से दूर होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया या यूट्यूब, फिल्म हो या टीवी के कार्यक्रम सभी जगह फूहड़ नाच का नंगा प्रदर्शन किए जाने की परंपरा ने जोर पकड़ लिया है। यूट्यूब और सोशल मीडिया पर रिल्स, गानों, फिल्मों, कार्यक्रमों सबमें अश्लीलता इस कदर घर करती जा रही है कि आप अपने परिवार के साथ देख ही नहीं सकते। और रही सही कसर अब नंगे होकर रील बनाने वालों ने पूरी कर दी है। अधिकतर गाने, एलबम और सिनेमा अश्लीलता से भरपूर है। आज के लोकगीत सुनने की ही बात कर लें तो उन गानों के हर शब्द में अश्लीलता कूट-कूट कर भरा होता है। जब हम-आप परिवार के साथ मिलकर गाना नहीं सुन सकते तो यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन गानों के सीनों का क्या हाल होगा। ऊपर से अश्लीलता का कम्पीटिशन इस कदर होता जा रहा है कि एक से एक हिट एलबम, गाने बनते हैं। अश्लीलता को दिखाने का होड़ इस कदर है कि मत पूछिए। इस बारे में कलाकारों, गायकों से पूछ लिया जाता है तो छूटते ही कहते हैं कि यह तो पब्लिक डिमांड है। जनता यही सब देखना पसंद करती है। ऐसा न परोसें तो गाना हिट ही नहीं होगा।

अब ऐसे कलाकारों को कौन समझाए कि अश्लीलता की शुरूआत तो फिल्मों व गानों के जरिए ही हमारे समाज में फैली। जिसे रोकने का कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। ऐसे मजनू कलाकारों के चक्कर में हमारा पूरा समाज दूषित होता जा रहा है। मान-मयार्दा सब छिन्न-भिन्न होता जा रहा है। यदि आज भी हम नहीं सचेते तो न जाने हमारे समाज की दशा और दिशा क्या होगी। ऐसा नहीं है कि ऐसे नृत्यों का असर नहीं हो रहा है। पिछले 5-10 सालों में जिस प्रकार का नृत्य व गाने प्रस्तुत किए है, उसने तो हमारे समाज के ताना-बाना को ही हिलाकर रख दिया है। ये मन को शांत करने के बजाय अशांत ही कर देता है।

बाजार की लालची और मुनाफाखोर प्रवृत्ति ने एक लोककला की हत्या कर दी और अब उसके नाम पर लोगों को अश्लीलता परोस रही है। इन्टरनेट ने बेशक लोगों तक ज्यादा सूचनाएँ पहुंचाई है लेकिन इसने ग्रामीण सौंदर्यबोध और मान-मयार्दा को खंडित कर दिया। वह हर चीज को अधिक बिकाऊ बनाने के लिए अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी। कुल मिलाकर यह आसानी से देखा जा सकता है कि इन्टरनेट के विस्तार और मोनेटाइजेशन ने ऐसी सामग्री को बढ़ावा दिया है जो बहुत ज्यादा देखी जा रही है लेकिन मानवीय संवेदनाओं पर उसने घातक प्रहार किया है।

संगीत की शालीनता पर फूहड़पन भारी वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं आशिकमिजाज गीतकार जिससे देशभर में लम्पटीकरण भरे गीतों के प्रचलन से संस्कृति को गहरी चोट पहुंची है।

आधुनिकता की चकाचौंध में हमारी संस्कृति व विरासत से जुड़े गीत न जाने कहां गुम से हो गये हैं और प्रचलन बढ़ा उन मद भरे गीतों का, जिनमें से संस्कृति व सौन्दर्य गायब होकर उपहासित हो गयी है। लम्पटीकरण के शब्द गीतों में भर आये हैं। वर्तमान में तथाकथित रचनाकारों द्वारा रचित गीतकारों, मजनू गायकों द्वारा गाये हुए गीतों में पाश्चात्य संस्कृति की तर्ज पर नंगापन आ गया है। इन अलफाजों में गीत गाने वाले गायकों को इतनी भी शर्म नहीं है कि जिस अंदाज में वे अपने शब्दों को व्यक्त कर रहे हैं व अंदाज ह्यजिस डाल पर बैठे हैं उसी को काटनेह्व जैसा है। यही अंदाज संस्कृति पर गहरी चोट मार रहा है। लोक गायकों के नाम पर अश्लील लिंक्स से सोशल मीडिया बाजार भरा पड़ा है। कई चैनलों पर भी इस तरह के गीतो का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ा है। गीत बिकवाने की होड़, व्यूज और लाइक्स के जरिए पैसा कमाने की लालसा, इन सबने पहले ही संस्कृति व विरासत धूमिल कर डाली है क्योंकि गीत संगीत ही एक ऐसा माध्यम होता है जो समाज को संदेशो का पैगाम देती है। आज ये पैगाम अपनी दिशा बदल चुके हैं। विभिन्न बस स्टेशनों, चलने वाले विभिन्न जीप-कार, बसों में जो गीत सुनने को मिलते हैं उनमें छिछोरापन व लम्पटीकरण का अंदाज साफ झलकता है। इन गीतों का श्रवण विशेषकर युवा वर्ग आनंदपूर्वक करता है। कई अवसरों पर शादी-व्याह आदि उत्सवों में कुछ बुजुर्ग जन भी इस तरह के गीतों पर जमकर ठुमके लगाते हैं। सांस्कृतिक परम्परा पर चिंतन करने वाले लोग इसे लोक संगीत पर गहरी ठेस मानते हैं। आशिकी अंदाज के साथ पाश्चात्य संस्कृति की चपेट में आकर गीत गाने वाले गायक-गायिकाएं, नायक-नायिकायें धीरेह्व-धीरे सांस्कृतिक पहरूओं की नजर का कांटा बनते जा रहे हैं। ऐसा मालूम पड़ता है यदि इन्हीं गीतों का दौर अश्लीलता की पराकाष्ठा लांगता रहा तो इस तरह के लोगों का सामाजिक बहिष्कार जरूरी हो सकता है।

आज के गानों में बंदूक, दारू, लड़कीबाजी व अश्लीलता का आयाम देखने को मिल रहा है जो कि हमारी संस्कृति के लिए और गानों के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। अब गीत के कलाकार, गायक, निमार्ता ऐसा क्यों कर रहे हैं ये तो बड़ा सवाल है। । । । ? या फिर हो सकता है कि दर्शकों को लुभाने या फिर गाने के नाम पर अश्लीलता परोसा कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए ये सब किया जा रहा हो लेकिन बदनाम संस्कृति व लोककला से जुड़े लोग भी हो रहे हैं। एक ओर जहां कई लोग संस्कृति को प्रमोट करने के लिए अपना करियर, अपनी मेहनत और अपना सब कुछ दांव पर लगा रहे हैं तो कोई हमारी संस्कृति को इस तरह से बदनाम कर उसे अश्लील गानों के साथ परोस रहे हैं। अब आप ही सोचिए की अगर हमें ऐसी अश्लीलता ही दिखानी है या देखनी है तो आने वाले समय पर हम संस्कृति के नाम पर क्या करेंगे और क्या क्या होगा???

# इतिहास रचतें पीएम मोदी, वैश्विक मीडिया में क्यों हो रही जमकर तारीफ

**डॉ अजय कुमार मिश्रा**



किसी भी राजा के शासन की वास्तविक उपलब्धि न केवल जन मानस के लिए किये जा रहे आधारभूत बदलाव के कार्य होतें है, बल्कि आम जन मानस समेत विरोधियों में भी राजा के कार्यों की छवि और चर्चा किस स्वरुप में है ! यही निर्धारित करता है की राजा का शासन उत्तम दर्जे का है या फिर नहीं ? देश के वर्तमान प्रधानमंत्री और ऐतिहासिक रूप से सबसे अधिक सफल नेतृत्वकर्ता के रूप में उन्होंने देश को पूर्ण रूप से परिवर्तित कर दिया है और अब आकर्षक परिणाम सभी के सामने है` फिर चाहें मूलभूत परिवर्तनों की बात है या वैश्विक आवश्यकताओं की पूर्ति की बात हो` सुधार और विकास का पहिया वैश्विक स्तर पर नई पहचान के साथ 5जी मोड में आगे बढ़ रहा है` अपने एक दशक के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के लिए और सभी क्षेत्रों में कार्य किया है उन्होंने गरीबों और हाशिये पर पड़े लोगों के लिए, किसान कल्याण सुनिश्चित कर किसानों के लिए, नए भारत के लिए नारी शक्ति को प्राथमिकता देना, युवा नेतृत्व विकास पर विशेष जोर देना, मध्यम वर्ग और उनके जीवनयापन में आसानी करना, गति और पैमाने पर इन्फ्रा सेक्टर तेजी से बढ़ाना, स्वास्थ्य देखभाल और महामारी प्रबंधन से आम आदमी को सुरक्षित किया है, राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति की खुली चर्चा और सराहना हर जगह है, अर्थव्यवस्था और सुधार चारो तरफ प्रदर्शित किया है, व्यापार करने में आसानी दिख रही है, पूर्वोत्तर को विकास इंजन के रूप में स्थापित किया, सांस्कृतिक विरासतों का संरक्षण दिया है, तकनीक-संचालित भारत के नए स्वरुप को जन-जन से जोड़ा है, पर्यावरण और स्थिरता पर विशेष कार्य करके सभी जगह अपना लोहा मनवाया है` मोदी सरकार के पूर्व सरकारी योजनाओं की आम आदमी तक पहुँच में पारदर्शिता का गहरा आभाव था पर वर्ष 2014 से अब तक सरकार ने हर क्षेत्र के लिए योजना बनाकर व्यक्ति को केंद्र में रख कर, पारदर्शी तरीके से कार्य किया है` आप उनकी सफलता का आकलन इसी बात से कर सकतें है की आज मोदी सरकार की योजनायें सभी उम्र, तबके के लोगों की जुबान पर है` आकड़ें भी इस बात की गवाही दे रहे है की मोदी महापुरुषों की श्रेणी में खड़े दिख रहें है तभी तो उनकी चर्चा वैश्विक स्तर पर लगातर हो रही है

लोगों को मुफ्त अनाज दिया जाना, लोगों को नल से पानी की सुविधा उपलब्ध कराना, लोगों को आधुनिक घर प्रदान करना, शौचालय का बनाया जाना, फुटपाथ विक्रेताओं को सरल नियमों के तहत ऋण प्रदान करना, छोटें उद्यमियों को ऋण प्रदान करना, पिछड़े वर्ग के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग बनाना, कोरोना के दौरान महिलाओं के खातें में पैसे डालना, खास ऋण एससी और एसटी लाभार्थियों को देना, सरकार में 60 प्रतिशत मंत्री एससी, एसटी ओबीसी श्रेणी का होना, 5 गुना अधिक एकलव्य आवासीय स्कूलों की मंजूरी देना, जिलों को केंद्र बिंदु रखकर विकास करना, जनधन बैंक खातों का खोलना, लोगों को पीएम सुरक्षा बीमा प्रदान करना, लोगों को पीएम जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा कवर देना, लोगों का स्वास्थ्य योजना देना, सीधे बैंक खातें में पैसे ट्रान्सफर करना, लोगों को सौभाग्य योजना में बिजली प्रदान करना, लोगों को उज्ज्वला योजना देना, फसल बीमा, किसान सम्मान निधि, मुद्रा योजना, ईडब्ल्यूएस कोटा निर्धारण, ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन के लिए नियम एवं सहायता, ई-श्रम एवं श्रम योगी योजना, समेत आज अनेकों योजना करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है` अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियां मोदी सरकार की अनेकों रही है` आपदा में देश विदेश में बैठे सभी भारतीय को सरकार ने सुरक्षित पहुँचाया है` साफ नियत और सभी के विकास की मूलभूत अवधारणा ने नरेन्द्र मोदी को सभी का चहेता बना रखा है` इनकी लोकप्रियता और प्रभावशाली कार्यशैली का आलम यह है की धुर विरोधी देश भी इनकी तारीफ कर रहें है` हलियाँ चाइना सरकार की ऑफिसियल न्यूज मीडिया ग्लोबल टाइम्स में मोदी की तारीफ कोई अतिश्योक्ति नहीं है बल्कि उनके द्वारा किये गए कार्यों की वजह से विवशतावस चाइना द्वारा स्वीकार किया जाना है` पाकिस्तान, बांग्लादेश, अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देश मोदी के नेतृत्व, भारत का विकास और लिए गए बड़े निर्णयों की चर्चा और सराहना कर चुकें हैं` नरेन्द्र मोदी सरकार में भारत ने इतना कुछ प्राप्त किया है जिसका कई दशकों से आम जन को प्रतीक्षा रही` अब राजनैतिक सरगर्मी बढ़ने लगी है और विपक्ष की एक जुटता कही न कही विवशता और उनकी कमजोरी को भी जाहिर करने लगा है क्योंकि दशकों से स्थापित और सत्ता पर काबिज पार्टी यदि अन्य दलों के साथ संगठित होने लगे तो विचारों और कार्यप्रणाली मुद्दों की पार्टियों में अंतर आम जन को दिखाई नहीं देगा, जिसके अस्तित्व पर राजनैतिक पार्टियों का का जन्म हुआ है ।

` अब यह कहा जा सकता है की एक दशक में मोदी ने यह जरुर सभी को सीखा दिया है की विकास क्या है और विकास को अवरोध करने के लिए एकजुट होने का उद्देश्य क्या है ? एक दशक के किये गए कार्यों और विदेशी मीडिया में मोदी की तारीफ और अपने देश के नागरिकों का विशेष ध्यान रखना उन्हें अवश्य ही महा पुरूषों के श्रेणी में खड़ा करती है` अटूट विश्वास, अनवरत कार्य करने की शक्ति, सभी के लिए सोचने और नियम बना कर व्यव्हार में लाने की तटस्थता नरेन्द्र मोदी को सभी के दिलों में स्थापित कर दिया है` जिन्हें भी इन तथ्यों और विचारों से असहमति हो उन्हें समय निकालकर नरेंद्र मोदी के एक दशक के कार्यकाल की सभी योजनाये, निर्णय, वैश्विक उपलब्धि का बिना पक्षपाती हुए अध्ययन करना चाहिए ।

# उपचुनाव मे हार से सबक ले भाजपा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले की श्री करनपुर विधानसभा सीट पर संपन्न हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रूपिंदर सिंह कुन्नर ने भाजपा प्रत्याशी व राजस्थान सरकार में मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को 11261 वोटो के अंतर से हरा दिया है। सुरेंद्रपाल सिंह टीटी की हार से भाजपा की किरकिरी हुई है। भाजपा ने उप चुनाव के दौरान अपने प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को चुनाव जितवाने के लिए चुनावी प्रक्रिया के दौरान ही मंत्री तक बना दिया था। मगर इसके बावजूद भी वह चुनाव में पराजित हो गए। देश में इस तरह कि यह पहली घटना है। जब चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रत्याशी को मंत्री बनाया गया था। चुनावी प्रक्रिया के दौरान टीटी को मंत्री बनाने को लेकर कांग्रेस ने चुनाव आयोग तक शिकायत भी की थी। मगर भाजपा ने किसी भी आरोप की परवाह ना करते हुए टीटी को मंत्री पद की शपथ दिलवा दी थी।

राजस्थान में भाजपा की सरकार बने अभी एक महीना भी नहीं हुआ है। उससे पहले ही सरकार को उपचुनाव में बड़ा झटका लगा है। उपचुनाव में हुई हार का असर अगले लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिल सकता है। उपचुनाव की जीत से जहां कांग्रेस पार्टी के नेताओं का मनोबल मजबूत हुआ है जिससे लोकसभा चुनाव में वह और अधिक एकजुटता से चुनाव लड़ने का प्रयास करेंगे। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां से विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर को अपना प्रत्याशी बनाया था। मगर मतदान से पूर्व ही उनकी मृत्यु होने से चुनाव स्थगित हो गया था। कांग्रेस ने मतदाताओं की सहानुभूति लेने के लिए अपने मृतक विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के पुत्र रूपिंदर सिंह कुन्नर को प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा था। कांग्रेस का यह दाव सफल रहा और उनका प्रत्याशी चुनाव जीत गया।

श्री गंगानगर लोकसभा क्षेत्र में वैसे भी विधानसभा चुनाव में भाजपा इस बार काफी कमजोरी रही है। क्षेत्र की आठ में से भाजपा सिर्फ दो सीट सादुलशहर व श्रीगंगानगर ही जीत पाई है। पांच सीटों पर श्रीकरणपुर, सूरतगढ, रायसिंह नगर, संगरिया, पीलीबंगा में कांग्रेस व हनुमानगढ़ सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी विजय हुआ है। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से 94340 वोट अधिक मिले हैं। भाजपा प्रत्याशियों को पाच लाख 94 हजार 651 वोट व कांग्रेस प्रत्याशियों को छः लाख 88 हजार 991 वोट मिले हैं। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी निहालचंद मेघवाल 406978 वोटो से जीते थे।

2019 के चुनाव में भाजपा के निहालचंद मेघवाल को 897177 वोट व कांग्रेस के भरतलाल मेघवाल को 490199 वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव से 2023 के विधानसभा चुनाव तक जहां भाजपा कमजोर हुई है वहीं कांग्रेस मजबूत बनकर उभरी है। मौजूदा सांसद निहालचंद के खुद के विधानसभा क्षेत्र रायसिंह नगर में भी कांग्रेस के सोहनलाल नायक ने भाजपा के बलवीर सिंह लूथरा को 14025 वोटो से हरा दिया है। जबकि रायसिंह नगर सीट पर मौजूदा सांसद निहालचंद के दादा बेगाराम 1972 में, खुद निहालचंद मेघवाल 1998 में, उनके छोटे भाई लालचंद मेघवाल 2003 में विधायक रह चुके हैं।

अपने खुद के विधानसभा क्षेत्र में भी पार्टी को नहीं जीतवा पाने से पांच बार के भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री निहालचंद मेघवाल की स्थिति कमजोर हुई है। 2023 के विधानसभा चुनाव में श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र में जिस तरह से कांग्रेस ने बढ़त बनाई है। उसको देखते हुए लगता है कि अगले लोकसभा चुनाव में भी यहां से कांग्रेस का प्रत्याशी ही चुनाव जीत जाएगा।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल के साथ भी सिर मुंडाते ही ओले पड़ने वाली कहावत चरितार्थ हो गई है। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को स्वतंत्र प्रभार का राज्य मंत्री भी बना दिया था। मगर उनका यह दाव भी फेल हो गया और श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने सहानुभूति लहर पर सवार कांग्रेस के रूपिंदर सिंह कुन्नर को जीतकर यह दिखा दिया है कि वह किसी भी लालच में आने वाले नहीं है।

विधानसभा उपचुनाव में मिली हार के बाद हासिये पर धकेल दी गई पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी एक बार फिर मुखर होकर अपने समर्थको को लामबंद कर सकती है। हाल ही में पुलिस महानिरीक्षकों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीन दिन तक जयपुर में रहने के बावजूद वसुंधरा राजे ने उनसे एक बार भी मिलना उचित नहीं समझा। इससे लगता है कि उनके मन में आज भी मुख्यमंत्री नहीं बन पाने की टीस है। मंत्रिमंडल गठन में भी उनके समर्थक कई वरिष्ठ विधायकों की भी उपेक्षा की गई है।

# मोबाइल तो मोबाइल है

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

मोबाइल तो मोबाइल है भैया। किसी किसी के लिए इस काम की तो किसी किसी के लिए उस काम की चीज है। मुश्किल तो रामधारी के बेटे टिंकू के नन्हें हाथों से हैं, जिसे महाप्रभु कोरोना जी की कृपा से मोबाइल को न केवल स्पर्श करने का मौका मिला, बल्कि ऑनलाइन क्लासेस के बहाने चिट-चैटर, यूट्यूबर, व्हाट्सपर, फेसबुकर, गेमर और कुछ संदर्भों में अडल्टर बनने का भरपूर अवसर मिला। इतनी खुशी तो उसे अपने जन्म के समय भी नहीं हुई।

रामधारी ठहरे एकदम कोरे निरक्षर। स्मार्ट बनना तो दूर स्मार्ट की स्पेलिंग से भी उनका दूर-दूर तक पाला नहीं पड़ा था। पड़े भी कैसे? घर में टीवी चैनल सारे हिंदू-मुस्लिम, जादू-टोना, निंबू-मिर्ची करने में अपना सिर खपा रहे थे। यदि कोई चैनल गलती से स्मार्ट बनने की कोशिश करता तो दो हजार और पाँच सौ की नोटों में से चिप निकालने बैठ जाता। एक तरह से कह दें तो रामधारी की स्मार्टियत जन्म लेने से पहले ही भ्रूणहत्या का शिकार हो गयी। इसका मतलब यह नहीं कि उनके पास मोबाइल नहीं है। है लेकिन उतना ही जितना कि हरा बटन दबाने पर जवाब दे सके और खतरा लगने पर लाल बटन दबाकर सामने वाले या फिर खुद का गला दबाने में काम आ सके। इधर ऑनलाइन क्लासों ने मानो रामधारी जैसों के लिए सीरियाई फरमान जारी कर दिया कि यदि बच्चे को स्मार्ट फोन नहीं दिलाओगे तो समझो तुम्हारी खैर नहीं। वह तो भला हो चीनी कंपनियों का, जो जिंदगी से सस्ते दामों पर स्मार्टियत वाला फोन बेचते हैं। सो, भेड़चाल की भीड़ में रामधारी भी हो चले। उन्होंने भी अपने लाड़ले टिंकू का स्मार्ट फोन से आलिंगन करवा दिया।

रामधारी के लिए वह एक घड़ी थी और आज एक घड़ी है, जब स्मार्ट फोन दिलवाने का पछतावा उन्हें हर समय होता रहा है। स्मार्टफोन से पहले बनावटी पितृभक्त टिंकू अब तो खुलेआम घर के सदस्यों पर मोर्चा खोल बैठा है। कुछ भी काम कहो तो कहता कि क्लास लगी है। पता चला कि महाराज ऑनलाइन क्लास के बहाने रिसेंट एप्स में अपनी सृजनात्मकता का लोहा मनवा रहे हैं। रिसेंट में सब कुछ ताजा-ताजा चीजें होतीं। जैसे- व्याहट्स पर चिट-चैट, फेसबुक पर लाइक-शेयर, इंस्टा पर हसीनाओं के दीदार, ऑनलाइन गेम्स में पड़ोस के मिन्नू से वर्ल्ड नंबर बनने की होड़ और यूट्यूब पर अपनी फूहड़ कलाकारी की अपलोडियत का कारनामा। रामधारी के लिए साल टिंकु का 1.0 वर्जन खूब फबा, किंतु उसी टिंकु का 2.0 वर्जन उन्हें और उनके घरवालों के लिए खाना-पीना हराम कर दिया था। ऑनलाइन क्लास में टिंकु ने कुछ सीखा या नहीं सीखा यह ठीक से तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन टेढ़ी गर्दन, उभरा हुआ पेट, बदन पर चर्बी की भरमार, आँखों पर मोटा चश्मा, छोटी सी उमर में बूढ़ापे की झलक, बड़ो से बदसलूकी की झलकियाँ और घरभर के माथों पर परेशानियों के बल आसानी से देखे जा सकते थे।

## स्टेडियम के मल्टीपरपज हाल के कार्य जल्द करें पूरेः डीएम



स्टेडियम के मल्टीपरपज हाल के कार्य देखते डीएम।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में निमार्णाधीन मल्टीपरपज हाल का निरीक्षण कर फॉल सीलिंग, विद्युत वायरिंग, फ्लोरिंग, टाइल्स, रोल ड्रम, एप्रोच रोड, नाली निर्माण कार्य देखे।

बुधवार को जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता यूपी सिडको राजेश चैधरी को निर्देश दिये कि फॉल सीलिंग के कार्य जल्द पूरे करायें। विद्युत वायरिंग भी समय से की जाये। सीढ़ियों पर रेलिंग लगायें। बाहर की तरफ नाली ठीक की जाये।

सभी जगह इंटरलॉकिंग कराया जाए। इंटरलॉकिंग जिम हाल के सामने भी करायें। मल्टीपरपज हाल को अलग से बैकअप को जनरेटर की व्यवस्था करें। अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक कुमार से कहा कि विद्युत लोड देखकर स्टीमेट बनाकर विद्युत कनेक्शन करायें। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार को निर्देश दिये कि खेल मैदान को प्रकाश व्यवस्था को अलग से जनरेटर व्यवस्था करायें। अधिशासी अभियंता यूपी सिडको को निर्देश दिये कि जो भी कार्य शेष हैं, उन्हें तत्काल शासन की मंशानुसार पूरे करायें।

## 22 को चित्रकूटधाम में होगा दिव्य महोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 22 जनवरी को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक मांगलिक मौके पर तपोभूमि चित्रकूट में भी बड़े महोत्सव की तैयारी जारी है। महोत्सव समूचे तीर्थ क्षेत्र में गाजे-बाजे, जयघोष एवं रामनाम संकीर्तन के साथ मनाया जाएगा।

बुधवार को कामदगिरि पीठम के अर्चन ने बताया कि जय बजरंग सेना 22 जनवरी को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव यात्रा करेगी। विभिन्न प्रांतो से बड़ी संख्या में जय बजरंग सेना के महिला-पुरुष सेनानी व राम भक्त शिरकत करेंगे। महोत्सव यात्रा श्रीराम धनुष चैक कर्वी से शुरू होकर बेड़ीपुलिया, रामघाट, कामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार, जानकीकुंड, स्फटिक शिला, अनसुइया धाम होते हुए गोदावरी तक जायेगी।

श्री कामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार के संत मदनगोपाल दास जी महाराज की प्रेरणा से हो रहे इस महोत्सव में



संत मदनगोपाल दास।

संत विभूतियों समेत गणमान्य व आम जनता शामिल होगी। महोत्सव संयोजक अर्चन ने बताया कि बड़े ही धूमधाम से महोत्सव की रचना की जा रही है। जन-जन को शामिल करते हुए संगीतमय श्रीराम नाम संकीर्तन जयघोष, देवालयों पर पूजन आराधना, पुष्पवर्षा, शंख-घंटे घड़ियालों की गूंज, वादन, नृत्य, भव्य आतिशबाजी के बीच राम भक्तों का मुंह मीठा कराते हुए प्रभु श्रीराम दरबार की दिव्य झांकी निकाली जाएगी।

## हिन्दी को बढावा देने पर दिया जोर



हिन्दी दिवस में बोलते अपर जिला जज।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में बाल अपचारियों के बीच विश्व हिन्दी दिवस पर हिन्दी को बढावा देने पर जोर दिया।

बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के निर्देश पर प्राधिकरण सचिव अपर जिला जज फारूख इनाम सिद्दीकी ने देवी सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। कहा कि सर्वप्रथम विश्व हिन्दी दिवस की शुरूआत दस जनवरी 1975 को हुई थी। प्रथम हिन्दी दिवस में 22 देशों के 122 लोगों ने हिस्सा लिया था। किशोर न्याय बोर्ड प्रधान मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी ने बताया कि भाषा को शक्ति बनाने को विश्व हिन्दी दिवस पर बढ़ावा देने की जरूरत है। सभी लोग प्रण लें कि अपनी भाषा हिन्दी को मजबूत बनाने के प्रयास करेंगे। इस मौके पर संस्था प्रभारी वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## गांव सभा की बीहड भूमि पर अवैध कब्जा से बना रहे मकान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर तहसील के उनाय बन्ना के मजरा ब्यास बन्ना में गांव सभा की बीहड़ भूमि पर अवैध ढंग से कब्जा कर मकान बनाया जा रहा है। रोक लगाने की बजाय प्रधान व लेखपाल अवैध कब्जाधारकों से वसूली कर मस्त हैं।

बुधवार को ब्यास बन्ना गांव की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। बताया गया कि 2022/23 में चकबंदी में बीहड़ भूमि को सुरक्षित रखा गया है, बीहड़ भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बनाया जा रहा है। एक जनवरी को ब्यास बन्ना में सरकारी हैंडपंप को ध्वस्त कर अनूसूचित जाति बस्ती की भूमि पर लगाए निजी हैंडपंप की जांच को लेखपाल व कानूनगो गए थे। निरीक्षण में ग्रामीणों से हस्ताक्षर करवाए थे, कोई कार्यवाही नहीं की। ग्रामीणों ने दो

### प्रधान-लेखपाल की मिलीभगत

जनवरी को एसडीएम राजापुर को पत्र दिया था। एसडीएम ने तहसीलदार राजापुर को लेखपाल को निर्देशित किया था कि गांव जाकर जांच करें।

गांव की बीहड़ भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों से लेखपाल की मिलीभगत है। अवैध कब्जाधारकों पर कोई कार्यवाही नहीं की। ग्रामीणों के आरोप है कि प्रधान व लेखपाल ने अवैध कब्जा धारकों से मोटी रकम ली है। इससे प्रधान व लेखपाल कोई कार्यवाही नहीं कर रहे। बीहड़ भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले होरीलाल पुत्र माता प्रसाद को मुख्यमंत्री आवास का लाभ मिला है, जो बीहड़ भूमि पर मकान बनवाने की फिराक में है।

## स्वास्थ्य-शिक्षा क्षेत्र में पिछडे क्षेत्र में संस्था करे कार्यः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने भीषण ठंड के मद्देनजर तीसरे चरण में मानिकपुर काली घाटी कोल बस्ती में चैपाल लगाकर कंबल बांटे। जनजागरूकता भी की।

बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गरीबों को कम्बल बांटते हुए कहा कि जरूरतमंदों की समय-समय पर सेवा पायनियर्स क्लब कर रहा है। शीतकाल में कम्बल बांटने या क्षय रोगियों को गोद लेने में संस्था के सदस्य मनोयोग से कार्य कर रहे है। क्षेत्र के विकास एवं आजीविका की सबसे ज्यादा समस्या है। यहां कम्बल बांटने का कार्य सराहनीय



कम्बल बांटते डीएम आदि।

है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे से कहा कि टीम के साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र में भी ऐसे इलाकों में योगदान दें। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे ने संस्था के बारे में जानकारी दी। कहा कि संस्था जरूरतमंदो व पीड़ितों की निःस्वार्थ मदद करती है।

विशिष्ट अतिथि बतौर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने पायनियर्स क्लब की सराहना की। कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सहयोग लेकर लोगों को लाभान्वित करें। मानिकपुर तहसीलदार वाचस्पति सिंह, दरोगा रामवीर सिंह, राजस्व निरीक्षक चंद्रभूषण पांडेय समेत पायनियर्स क्लब के पदाधिकारी डॉ सीताराम गुप्ता, महेन्द्र केसरवानी, डॉ प्रबोध अग्रवाल, डॉ सीएन सिंह, अशोक द्विवेदी, अमित अग्रहरि, सचिन अग्रवाल, राजेन्द्र गुप्ता, सरैंया प्रधान प्रतिनिधि कमल कुमार आदि मौजूद रहे।

## गौवंशों का निवाला खा रहे सचिव

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के एक दर्जन से ज्यादा गांवों में शासन के आदेश को दरकिनार कर भूसा का भुगतान किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में सूबे की योगी सरकार ने गौवंशों के भरण-पोषण को समय-समय पर सरकारी धन आवंटित करती है। गौवंशों के मुंह का निवाला बड़े पैमाने में संबंधित सचिवों के मुंह में जा रहा है।

बुधवार को गौवंशों के भूसा घोटाला का खुलासा हुआ है। बताया गया कि मानिकपुर ब्लाक में भ्रष्टाचार की बानगी देखी जा सकती है। ब्लाक क्षेत्र के गांवों में सचिवों ने ऐसी फर्म के नाम भुगतान कर रहे हैं, जो कभी भूसा की सप्लाई नहीं करते और न उनके पास भूसा की गोदाम हैं। कहीं से भी भूसा की खरीदारी भी नहीं की जा रही। इन सप्लायरों ने तीन फीसदी से पांच

### जांच कर होगी कार्यवाहीः एसडीएम

फीसदी कमीशन लेकर फर्जी बिल बाउचर लगाकर सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे हैं। ईटा, सीमेंट, बालू, सरिया बेंचने वाली फर्मो के नाम भूसा का भुगतान किया जाता है।

सूबे की योगी सरकार के कार्यकाल में प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जा रहा है, वहीं बेजुबान गौवंशों के मुंह का निवाला भ्रष्टाचारियों के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। देखना है कि ये भ्रष्टाचार इसी तरह चलता रहेगा या संबंधित भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्यवाही होगी या फिर सचिवों व ठेकेदारों की मनमानी जारी रहेगी। इस बाबत एसडीएम रामजन्म यादव से पूंछा गया तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## अपराधों को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन देते कांग्रेसी।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल पटेल ने प्रान्तीय कमेटी के निर्देश पर सूबे में अपराधों की बाढ को लेकर राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि प्रदेश अपराध की आग में जल रहा है। अपराधी बेखौफ होकर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं।

बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने प्रतिनिधि मंडल के साथ एसडीएम सदर को राज्यपाल सम्बोधित सौंपे ज्ञापन में कहा कि प्रदेश महिलाओं के प्रति अपराधों में अव्वल है। उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करें। वाराणसी की बेटियों की भावनाओं का ख्याल रखते हुए बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ का नारा देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी घटना के लिए देश की बेटियों से माफी मांगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के घटना में भाजपा सम्बन्धित लोग शामिल हैं- कहने पर उन पर मामला दर्ज कराया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का कथन सच साबित हुआ है, उन पर दर्ज मामला तत्काल वापस लिया जाये। प्रतिनिधि मंडल में रंजना बरातीलाल पाण्डेय, चुनबाद प्रसाद, अवधेश करवरिया, राजेश कुमार सिंह, विजयमणि त्रिपाठी, मानवेन्द्र सिंह पटेल आदि शामिल रहे।

## दुष्कर्म आरोपी को हुई दस वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** घर की दीवार फांदकर आंगन में सो रही महिला से दुष्कर्म मामले में दोष सिद्ध होने पर जिला जज विकास कुमार प्रथम ने आरोपी को दस वर्ष की सजा व 15 हजार रूपए के जुमार्ना से दंडित किया है।

बुधवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि भरतकूप थाने में 15 जून 2022 को महिला ने रिपोर्ट लिखाई थी कि पति मजदूरी करने सूरत गया था। रात में वह घर के आंगन में लेटी थी। सास छत पर लेटी थी। भरतकूप क्षेत्र के मऊ ब गांव का अर्पित उर्फ नथुनिया दीवार फांदकर घर में कूद आया। तमंचा लगाकर जबरन दुष्कर्म किया। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की गुहार पर सास व अन्य परिजन आ गये। आरोपी भाग निकला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसका डॉक्टरी परीक्षण कराया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। बयान दर्ज कर पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव व अभियोजन पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने दोष सिद्ध करार देते हुए आरोपी अर्पित उर्फ नथुनिया को दस वर्ष की सजा व 15 हजार रुपए के जुमार्ना से दंडित किया।

## कौबरा में अपात्रों को सचिव-प्रधान दे रहे सीएम आवास का लाभ, पात्रों को किया वंचित

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के कौबरा गांव प्रधान श्रीमती पप्पी देवी व सचिव उत्कर्ष सिंह की मिलीभगत से मुख्यमंत्री आवास योजना में धांधली की गई है। अपात्रों को पात्र दिखाकर आवास योजना का लाभ दिया है। पात्रों को अपात्र दिखाकर आवास योजना लाभ से वंचित किया है।

बुधवार को मानिकपुर ब्लाक के कौबरा गांव में अपात्रों को पात्र दिखाकर प्रधान व सचिव के लाभान्वित करने का खुलासा हुआ है। बताया गया कि गांव में अपात्र कौशल प्रसाद पुत्र दशरथ को सीएम आवास का लाभ दिया है। उसके पास आठ बीघा से ज्यादा जमीन है। ये जमीन आर्यावर्त बैंक शाखा सरैंया में एक लाख 46 हजार रुपए का केसीसी बनवाकर कर्ज लिये है। शासन के नियमों की अनदेखी कर प्रधान पप्पी देवी व सचिव उत्कर्ष सिंह पटेल ने मिलीभगत कर सीएम आवास के अपात्र लाभार्थी को योजना का लाभ दिया है। अपात्र लाभार्थी कौशल प्रसाद पुत्र दशरथ दो किस्तें भी ले चुका है। ये व्यक्ति शासन के नियम से पात्रता सूची में नहीं आता है।

सूची में शामिल अन्य पात्र विकलांग भैरों पुत्र रामसवारे का सूची में नाम होने के बाद भी सचिव को पैसा न देने से अपात्र घोषित कर सूची से नाम काटा है। पात्र लाभार्थी भैरों समेत अन्य कई विकलांग पात्र हैं, जिनका सूची में नाम आ चुका है, कौबरा में सीएम आवास में बड़ी धांधली कर अपात्रों को योजना का लाभ दिया जा रहा है।

## दलित की पत्नी का दबंगों ने तोडा हाथ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के भैरमपुर गांव के अनुसूचित जाति के भोंडा ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि वह दबंगों के यहां चारपहिया गाडी चलाने का काम करता था। दबंगों से पैसा मांगने पर दबंगों ने मारपीट कर उसकी पत्नी का हाथ तोड दिया है। बुधवार को रैपुरा थाना क्षेत्र के भैरमपुर गांव का अनुसूचित जाति का भोंडा पत्नी व पुत्र मोहित के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय आया। उसने बताया कि वह गांव के ललई तिवारी की चारपहिया गाडी चलाता था। मजदूरी मांगने पर ललई तिवारी ने सात जनवरी को जाति सूचक गाली-गलौज कर मारपीट की। मारपीट में पत्नी का हाथ टूट गया है। थाने जाने पर उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यवाही को लेकर गुहार लगाने आया।

## अर्द्धनग्न दशा में सिर कुचला मिला महिला का शव

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** बरगढ थाना क्षेत्र से कुछ दूरी पर कोलमजरा तालाब के पास सडक किनारे छह फिट पत्थर की चहारदीवारी के भीतर अर्द्धनग्न दशा में महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। महिला का सिर पत्थरों से कुचलकर हत्या की गई है। घटना स्थल का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार समेत पुलिस बल ने किया है।

महिला के अर्द्धनग्न शव



महिला के शव की पडताल करती पुलिस।

मिलने की ये घटना बुधवार को हुई। बताया गया कि बरगढ थाने के कोलमजरा गांव मे अज्ञात 35 वर्षीय महिला का शव मिला। शव को देखते ही लोगों में सनसनी फैल गई। महिला के सिर को पत्थरों से कुचलकर हत्या की गई है। शव की शिनाख्त को पुलिस प्रयास कर रही है। शव के पास शराब की बोतलें मिली हैं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा गया है। शव की शिनाख्त व पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद हत्या का खुलासा जल्द होगा।

## नये किसान गेहूं खरीद को करायें पंजीयन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि गेहूं खरीद 2024-25 के तहत सरकारी गेहूं खरीद केन्द्रों पर सीधे किसानों से 15 मार्च से 15 जून तक की जाएगी। सरकारी गेहूं खरीद केन्द्रों पर गेहूं बेचने को किसानों को ऑनलाइन पंजीयन कराना जरूरी है। गेहूं खरीद को आनलाइन पंजीकरण एक जनवरी से शुरू है। पंजीकरण कराने को किसान खाद्य विभाग की वेबसाइट में पंजीयन करायें। जिन किसान भाइयों ने पिछले वर्ष धान/गेहूं खरीद में पंजीयन कराया था, उन्हें नवीन पंजीयन कराने की जरूरत नहीं है। पुराने पंजीयन में सूचनाओं को सशोंधित करना होगा। किसान भाई किसी भी जनसेवा केन्द्र, साइबर कैफे अथवा खुद मोबाइल से कर सकते हैं। गेहूं बिक्री को ओटीपी आधारित पंजीयन की व्यवस्था है। किसान भाई पंजीयन को मोबाइल नम्बर अंकित करायें। 2024-25 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति कुन्तल है। ये पिछले वर्ष की अपेक्षा 150 रुपए प्रति कुन्तल अधिक है। गेहूं का भुगतान किसानों के बैंक खातों में किया जाएगा।

## 12 को अनुदान यंत्रों की निकलेगी लाटरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि कृषि यंत्रीकरण को दस हजार रुपये से अधिक अनुदान वाले सभी कृषि यंत्रों/कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग, हाई टेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, फार्म मशीनरी बैंक, थ्रेसिंग फ्लोर व स्मॉल गोदाम आदि के लाभार्थियों के चयन को 12 जनवरी को शाम साढे चार बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष कलेक्ट्रेट सभागार में ई-लॉटरी निकाली जायेगी।

## इमारत निर्माण के कार्य जल्द करें पूरेः एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने थाना बरगढ़ का निरीक्षण कर कार्यालय में रजिस्टरों को देखकर दुरुस्त करने के निर्देश दिये।

बुधवार को एसपी अरुण कुमार सिंह ने बरगढ थाने का भ्रमण कर विवेचना कक्ष, आरक्षी बैरिक, भोजनालय, आवासीय परिसर



थाने की निर्माणधीन इमारत का निरीक्षण करते एसपी।

देखा। थानाध्यक्ष को साफ-सफाई को निर्देशित किया। उन्होंने थाना परिसर में निमार्णाधीन आवासीय इमारत का निरीक्षण कर कार्यदाई संस्था के ठेकेदार को निर्माण कार्य जल्द एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे करने को कहा। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ मऊ जयकरन सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी की अगुवाई में दरोगा विपिन कुमार मिश्र व दरोगा मातादीन ने वारंटी सोनू पुत्र परदेसिया निवासी ओरा को गिरफ्तार किया।

# समलैंगिक गेब्रियल अटल बने फ्रांस के सबसे युवा प्रधानमंत्री



**पेरिस।** समलैंगिक ग्रेब्रियल अटल सबसे कम उम्र में फ्रांस के प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मैनुएल मैक्रां ने मंगलवार को 34 वर्षीय शिक्षा मंत्री गेब्रियल अटल को नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। गेब्रियल अटल फ्रांस के पहले समलैंगिक प्रधानमंत्री भी हैं। मैक्रां ने एलिजाबेथ को हटाकर प्रधानमंत्री के तौर पर नए चेहरे को मौका दिया है।

फ्रांस में साल के अंत में होने वाले यूरोपीय चुनावों से पहले राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अपनी शीर्ष टीम में फेरबदल करने की तैयारी कर रहे हैं। ताकि विपक्षी दल से बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। जनमत सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मैक्रां खेमा धुर दक्षिणपंथी नेता मरीन ली पेन की पार्टी से लगभग आठ से दस प्रतिशत अंकों से पीछे चल रहे हैं। मैक्रां के करीबी सहयोगी अटल, जो कोविड महामारी के दौरान सरकार के प्रवक्ता के रूप में एक घरेलू नाम बन गए, निवर्तमान प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न की जगह लेंगे।हाल के जनमत सर्वेक्षणों में देश के सबसे लोकप्रिय राजनेताओं में से एक गेब्रियल अटल ने रेडियो शो और संसद में सहजता से काम करने वाले एक समझदार मंत्री के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

# नेपाली क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को बलात्कार के मामले में 8 साल की सजा



**काठमांडू।** नेपाली क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को बलात्कार के एक मामले में जिला अदालत ने बुधवार को 8 साल कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा कोर्ट ने पीड़ित लड़की को पांच लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है।

काठमांडू की जिला अदालत ने पूर्व कप्तान लामिछाने को दिसम्बर में ही बलात्कार के मामले में दोषी करार दिया था। जिला अदालत के न्यायाधीश शिशिरराज ढकाल ने आज सजा का ऐलान करते हुए पूर्व कप्तान लामिछाने को 8 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा कि पीड़ित युवती के सामाजिक और मानसिक आघात को देखते हुए उसको 5 लाख की क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया जाता है।

अदालत के फैसले पर संदीप लामिछाने के वकीलों ने आपत्ति जताई है। संदीप की तरफ से बहस करने वाले वकील सरोज घिमिरे ने कहा कि वो जिला अदालत के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती देंगे। लामिछाने पर उनकी एक महिला मित्र ने दिनभर नगरकोट घूमने और देर रात काठमांडू के एक होटल में बलात्कार का आरोप लगाते हुए पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई थी। उस समय लामिछाने वेस्टइंडीज के दौरे पर थे, लेकिन लौटते ही उन्हें एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया था। सात महीने तक जेल में रहने के बाद हाई कोर्ट ने 20 लाख रुपये की जमानत पर रिहा कर दिया था।

# आम चुनाव में जीत के साथ भूटान की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने की सत्ता में वापसी



**थिम्पू।** भूटान में हुए आम चुनाव में जीत के साथ पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने सत्ता में वापसी की है। भूटान में मंगलवार को हुए संसदीय चुनाव में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने सबसे अधिक सीट जीती ह। लोगों को उम्मीद है कि नेता हिमालयी देश में आर्थिक संकट को दूर करने के वादों को पूरा करेंगे।

राष्ट्रीय प्रसारक, भूटान ब्रॉडकास्टिंग सर्विस के आंकड़ों के मुताबिक पीडीपी ने 47 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 30 सीट जीती है जबकि भूटान टेंड्रेल पार्टी को 17 सीट मिली है। साल 2008 में पारंपरिक राजतंत्र से संसदीय सरकार में परिवर्तन के बाद भूटान में यह चौथा राष्ट्रीय चुनाव है। भूटान का निर्वाचन आयोग अंतिम नतीजों को बुधवार को जारी करेगा।

चुनाव में केवल पूर्व प्रधानमंत्री त्शेरिंग टोबगे की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और पूर्व लोकसेवक पेमा चेवांग की अध्यक्षता वाली भूटान टेंड्रेल पार्टी शामिल हैं। नवंबर में मतदान के प्राथमिक दौर में सत्तारूढ़ सेंटर-लेफ्ट द्रुक न्यामरुप त्शोग्पा पार्टी सहित तीन अन्य दल अंतिम दौर के चुनाव से बाहर हो गए थे। भूटान चीन और भारत के बीच में अवस्थित है और दोनों पड़ोसी देश करीब आठ लाख आबादी वाले जमीन से घिरे इस देश में अपना प्रभाव स्थापित करने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।देश में चुनाव प्रचार में आर्थिक संकट मुख्य मुद्दा रहा। विश्व बैंक के अनुसार, भूटान में पिछले पांच वर्षों में वृद्धि दर 1.7 प्रतिशत रही है। बेरोजगारी के चलते विदेशों में उच्च शिक्षा और नौकरियों की तलाश में युवाओं का पलायन देश की आर्थिक क्षमता को कमजोर कर रहा है।

आर्थिक चुनौतियों से पार पाने के लिए भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने दिसंबर में गेलेफू में एक मेगासिटी की योजना की घोषणा की थी, जिसमें विदेशी निवेश के साथ कार्बन मुक्त उद्योग होंगे। यह शहर भारतीय राज्य असम की सीमा पर अवस्थित होगा।

# लिटिल बुद्धा के नाम से चर्चित बम्जन चार वर्षो बाद पुलिस गिरफ्त में, घर से 26 देशों की करेंसी बरामद



**काठमांडू।** नेपाल में लिटिल बुद्धा के नाम से चर्चित रहे रामहादुर बम्जन को पुलिस ने चार वर्षों बाद बीती रात काठमांडू से गिरफ्तार किया है। उस पर एक युवती से बलात्कार और तीन अन्य को लापता करने का आरोप था। चार वर्षों से फरार रहे बम्जन को बुधवार को जिला अदालत सलार्ही में पेश किया जाएगा।

नेपाल की जांच एजेंसी केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) पिछले चार वर्षों से बम्जन को ढूंढ रही थी। बम्जन अपनी पत्नी और बेटे से मिलने काठमांडू स्थित अपने घर में आने वाला था। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने बीती रात काठमांडू से गिरफ्तार कर लिया। सीआईबी की प्रमुख एआईजी किरण बज्राचार्य ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से हम उस पर लगातार निगरानी रख रहे थे।

उन्होंने बताया कि सन 2019 में बम्जन पर सलार्ही जिले की एक युवती ने कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। उस युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने का प्रयास किया था, लेकिन उन दिनों जंगल में तपस्वी के रूप में रह रहे बम्जन पुलिस की गिरफ्त से बच निकला था। इसी बीच सलार्ही जिले में तीन अलग अलग परिवारों ने बम्जन पर उनकी बच्चियों को लापता करने का आरोप लगाया। वे बम्जन के आश्रम में ही कार्यरत थी। इन परिवार वालों की शिकायत के बाद सन 2020 में सलार्ही जिला अदालत ने बम्जन की गिरफ्तारी का वारंट जारी कर दिया था। सीआईबी ने बम्जन से पूछताछ के बाद बताया कि पिछले चार सालों से भारत के सिक्किम और दार्जिलिंग इलाके में छुपा हुआ था। उसने कुछ दिनों तक नेपाल के मकवानपुर और चितवन की जंगलों में भी छिपे होने जानकारी पुलिस को दी है। एआईजी बज्राचार्य ने बताया कि छापेमारी के समय उसके घर से 26 देशों की करेंसी भी बरामद हुई, जिसकी नेपाली कीमत करीब तीन करोड़ रुपये है।

# कनाडा में गुरुद्वारे के बाहर विरोध प्रदर्शन हुआ हिंसक, मारपीट में दो घायल



**टोरंटो।** कनाडा में एक गुरुद्वारे के बाहर दो सप्ताह तक चला विरोध प्रदर्शन सप्ताह के अंत में हिंसक हो गया। इस हिंसा में दो लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, गुरुद्वारा नेतृत्व समिति के विरोध में चल रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़कने के बाद रविवार शाम को पूर्वोत्तर कैलगरी में दशमेश संस्कृति केंद्र में अधिकारियों को बुलाया गया। पुलिस ने बताया कि 135 गुरुद्वारा साहिब बुलेवार्ड स्थित इमारत में शाम 7.45 बजे 50 से 100 लोग झगड़े में शामिल थे।

कैलगरी पुलिस सेवा (सीपीएस) के अनुसार, रविवार को दशमेश संस्कृति केंद्र से सेवा के लिए दो कॉल प्राप्त हुईं, जिनमें से प्रत्येक प्रदर्शनकारियों और इमारत के रहने वालों के बीच अलग-अलग गड़बड़ी के लिए थी। लगभग 1.15 बजे, अधिकारियों को शुरू में उन व्यक्तियों के संबंध में गड़बड़ी की रिपोर्ट के लिए भेजा गया था जिनके बारे में माना जाता था कि वे उस स्थान पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। कुछ ही देर बाद, दूसरी कॉल आई जिसमें बताया गया कि प्रदर्शनकारी इमारत के अंदर चले गए हैं।

सीपीएस ने एक बयान में कहा कि अधिकारियों ने तनाव कम करने के लिए दोनों पक्षों से बात कर रही है। लड़ाई में कोई हथियार शामिल नहीं था और कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। यह विरोध प्रदर्शन 24 दिसंबर को शुरू हुआ। विरोध के आयोजकों में से एक, गुरप्रताप बैदवान ने बताया कि वे मंदिर लीडरशिप का विरोध करने के लिए आंदोलन कर रहे हैं, जो उनकी आस्था के नियमों का पालन नहीं कर रहा है और न ही सिख धर्म के शासन का पालन कर रहा है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# मिस्र के विदेश मंत्री ने फिलिस्तीनियों को विस्थापित करने के प्रयासों को कबूल न करने की बात दोहराई




**काहिरा।** मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी ने गाजा पट्टी से फिलिस्तीनियों को विस्थापित करने के किसी भी प्रयास को कबूल न किए जाने की बात दोहराई है।

एक टेलीविजन प्रेस कॉन्फ्रेंस में, जिसमें मिस्र की राजधानी काहिरा में जर्मन विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक भी शामिल थीं, शौकरी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने गाजा के हालात, तटीय क्षेत्र में इजरायल के चल रहे सैन्य अभियान और इसके विनाशकारी मानवीय परिणामों पर चर्चा की थी।

मिस्र के विदेश मंत्री के अनुसार, दोनों अधिकारियों ने घिरी हुई गाजा पट्टी में राहत सहायता पहुंचाने, गाजा और वेस्ट बैंक की एकता बनाए रखने के साधनों और दो-राज्य समाधान से संबंधित "राजनीतिक दृष्टिकोण" को बहाल करने के प्रयासों पर भी चर्चा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा, दोनों पक्षों ने गाजा में युद्धविराम, क्षेत्रीय विकास और लाल सागर नेविगेशन की सुरक्षा के बारे में बात की।

बेयरबॉक ने कहा कि हालांकि दोनों देशों को शांति लाने के लिए सहयोग करना चाहिए, लेकिन गाजा पट्टी में रहने वाले लगभग दो मिलियन फिलिस्तीनियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त मानवीय आपूर्ति नहीं है। इसलिए, जरूरतमंद लोगों तक राहत के प्रवाह में बाधा डालने से बचने के लिए समन्वित कार्रवाई की जरूरत है।

इजरायल 7 अक्टूबर, 2023 से गाजा पट्टी में हमास के साथ लड़ रहा है, जब फिलिस्तीनी गुट ने दक्षिणी इजराइल पर एक आश्चर्यजनक हमला किया था, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे।

गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि इजरायली सेना ने एन्क्लेव में अपने सैन्य अभियानों में अब तक 23,000 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार डाला है।

# आईडीएफ उत्तरी कमान पर हिजबुल्लाह ड्रोन ने हमला किया, कोई हताहत नहीं

तेल अवीव। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि हिजबुल्लाह समूह द्वारा लॉन्च किए गए विस्फोटक से भरे ड्रोन ने सफेद शहर में उनके उत्तरी कमान मुख्यालय को निशाना बनाया।

आईडीएफ ने एक बयान में कहा कि हमले में किसी के घायल होने या हताहत होने की सूचना नहीं है। एक इमारत पर हमला किया गया है, जिससे उसे मामूली क्षति हुई।

आईडीएफ ने कहा कि उसने लेबनान से इजरायली हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले कई और यूएवी पर इंटरसेप्टर मिसाइलें लॉन्च कीं। इजरायली सेना के बयान से पता चला है कि सीमा पर मालकिया और यिफ्ताह इलाकों में लेबनान की ओर से कई रॉकेट और मिसाइलें भी दागी गईं।

आईडीएफ ने पुष्टि की कि उसने मंगलवार सुबह दक्षिणी लेबनान के कफ्र किला में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर सिलसिलेवार हमले किए। यह भी कहा गया कि ड्रोन लॉन्च करने वाले दस्ते पर हमला करने से पहले ही हमला कर दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरुल्लाह ने टेलीविजन पर दो संबोधनों में कहा था कि इजरायल को बख्शा नहीं जाएगा। उनकी यह धमकी पिछले हफ्ते बेरूत में हमास पोलित ब्यूरो के सदस्य और उप राजनीतिक नेता सालेह अल अरोउरी की हत्या के बाद आई थी। हालांकि, हिजबुल्लाह प्रमुख की धमकी के बाद, इजरायल ने एक और ड्रोन हमला किया, जिसमें हिजबुल्लाह के अनुभवी कमांडर विसम अल-तिवाल की मौत हो गई थी। यह हमला उस समय हुआ था, जब वह एक अन्य व्यक्ति के साथ कार में यात्रा कर रहे थे।